Ranchi ● Saturday, 25 October 2025 ● Year : 03 ● Issue : 277 ● Ranchi Edition ● Page : 12 ● Price : ₹3 ● www.thephotonnews.com E-Paper : epaper.thephotonnews.com

Daily
सच के हक में...
THE PHOTON NEWS
द फोटोन न्यूज Published From Ranchi

17 साल बाद एथलेटिक्स की मेजबानी मिलना गर्व का पल : सीएम

PHOTON NEWS RANCHI : शुक्रवार को साउथ एशियन सीनियर एथलेटिक्स चैंपियनशिप-2025 का शानदार आगाज हुआ। बिरसा मुंडा स्टेडियम में रंगारंग कार्यक्रम के बीच सीएम हेमंत सोरेन ने चैंपियनशिप का उद्घाटन किया। उन्होंने कहा कि 17 सालों के बाद झारखंड को एथलेटिक्स की मेजबानी का मौका मिला है। यह गर्व का पल है। चौथा सैफ सीनियर एथलेटिक्स का यह शुभारंभ का वक्त है। इस अवसर पर सभी वरीय पदाधिकारी मौजूद हैं। हमारे मंत्री से लेकर विधायक व अधिकारी भी इसके गवाह बने। सीएम ने कहा कि इस प्रतिस्पर्धा को रोचक बनाने के लिए कई देशों- बांग्लादेश, मालदीव, श्रीलंका के खिलाड़ी शामिल हुए हैं। निश्चित रूप से यह गर्व की बात है। झारखंड प्रदेश में युवा खेल के प्रति गंभीर है। यहां नौजवानों का समर्पण देखने को मिल रहा है। चाहे क्रिकेट हो, हॉकी हो या तीरंदाजी का खेल हो, हर जगह युवा अपनी प्रतिभा का लोहा मनवा रहे है। एथलेटिक्स के क्षेत्र में भी देश का बेहतर प्रदर्शन हो, यहीं शुभकामना है।

साउथ एशियन सीनियर एथलेटिक्स चैंपियनशिप का शानदार आगाज, मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने किया उद्घाटन

एथलेटिक फेडरेशन ने झारखंड सरकार के साथ मिलकर इवेंट का किया आयोजन, स्टेडियम में जुटे हजारों दर्शक

- इस प्रदेश के युवा खेलों के प्रति गंभीर, अपनी प्रतिभा का मनवा रहे लोहा
- सांस्कृतिक कार्यक्रमों के बाद पार्टिसिपेट करने वाली टीमों ने किया मार्चपास्ट

हर दिन खिलाड़ियों का बढ़ाइए हौसला

मुख्यमंत्री ने कहा कि आज स्टेडियम में हजारों युवा जुटे हैं। उनसे कहना चाहूंगा कि जितने दिन चैंपियनशिप चलेगी हर दिन आकर खिलाड़ियों का हौसला बढ़ाएं। हम प्रयास करेंगे कि आने वाले समय में अपने नौजवानों के लिए और भी खेलों का आयोजन हो। एथलेटिक्स में भी यहां के युवा अपनी पहचान बनाए। एथलेटिक फेडरेशन ने झारखंड सरकार के साथ मिलकर इस इवेंट का आयोजन किया। कम समय में एक बेहतर आयोजन की तैयारी की गई है। मुख्यमंत्री ने पदाधिकारियों से कहा कि आने वाले समय में आधारभूत संरचनाओं का लाभ उठाते हुए यहां और भी खेलों का आयोजन करें। इससे पहले खेल मंत्री सुदिव्य कुमार ने कहा कि हमारे लिए यह गर्व की बात है। मुख्यमंत्री के नेतृत्व में राज्य में खेलों को बढ़ावा देने का काम हम कर रहे है। खिलाड़ियों को हरसंभव मदद की जा रही है। जिससे कि वे राज्य का नाम रौशन करे। वहीं इस चैंपियनशिप की मेजबानी हमारे लिए गर्व की बात है। इससे पहले कई तरह के सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसके बाद चैंपियनशिप में पार्टिसिपेट करने वाली टीमों ने मार्च पास्ट किया।

SHARE

सेंसेक्स	:	84,211.88
निफ्टी	:	25,795.15

SARAFA

सोना	:	11,655
चांदी	:	171.00

(नोट : सोना 22 कैरेट प्रति ग्राम)

BRIEF NEWS

नहीं रहे 'अबकी बार मोदी सरकार' लिखने वाले पीयूष

MUMBAI : गुरुवार को एड गुरु पद्मश्री पीयूष पांडे का निधन हो गया। लेकिन जानकारी शुक्रवार को सामने आई है। 70 साल की उम्र में मुंबई में उन्होंने अंतिम सांस ली। पीयूष ने

'अबकी बार मोदी सरकार' नारा लिखा था। इसके अलावा, 'मिले सुर मेरा तुम्हारा' गाना लिखा था। पीयूष पांडे की मौत के कारणों का पता नहीं चल पाया है। रिपोर्ट्स के मुताबिक वे शरीर में संक्रमण से जूझ रहे थे। अंतिम संस्कार आज मुंबई में किया जाएगा। पीएम नरेंद्र मोदी ने उन्हें श्रद्धांजलि दी। पीएम ने 'एक्स' पर लिखा, पीयूष पांडे क्रिएटिविटी के लिए जाने जाते थे। एडवर्टाइजिंग की दुनिया में उन्होंने शानदार योगदान दिया। मैं उनके साथ हुई बातचीत को सालों तक संजोकर रखूंगा। उनके दुनिया से जाने से बहुत दुखी हूं।



देश भर में नवंबर से शुरू होगा एसआईआर

NEW DELHI : निर्वाचन आयोग ने नवंबर से देशभर में मतदाता सूचियों की गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) की तैयारी पूरी कर ली है। एसआईआर का कार्यक्रम इस तरह से बनाया जाएगा कि अगले साल मई में चुनाव वाले राज्यों में भी यह काम पूरा हो सके। मार्च 2026 तक सभी राज्यों में नई मतदाता सूची तैयार करने की योजना है। सभी राज्यों के चुनाव अधिकारियों को निर्देश दिया गया है कि आधार कार्ड को 12वें दस्तावेज के रूप में स्वीकार किया जाएगा। आयोग का दावा है कि उनका पूरा ध्यान केरल, तमिलनाडु, प. बंगाल, असम और पुडुचेरी पर है, जहां मई 2026 तक चुनाव होने हैं। एसआईआर का उद्देश्य मतदाता सूचियों में दोहरे मतदाताओं को हटाना और यह सुनिश्चित करना है कि मतदाता भारतीय नागरिक है।

बिहार विधानसभा चुनाव : पीएम नरेंद्र मोदी ने चुनावी अभियान का समस्तीपुर से किया आगाज

नई रफ्तार से चलने लगेगा बिहार, जब फिर से आएगी एनडीए की सरकार : प्रधानमंत्री

PATNA @ PTI : शुक्रवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बिहार में अपने चुनावी अभियान का आगाज किया। अपनी पहली जनसभा समस्तीपुर में की। जनसभा से पहले जननायक कपूरी ठाकुर के गांव में जाकर प्रधानमंत्री ने उनकी मूर्ति पर पुष्पांजलि अर्पित की। इसके बाद उन्होंने बेगूसराय में भी एक जनसभा को संबोधित किया। दोनों जनसभाओं में उन्होंने कांग्रेस और राजद पर जोरदार हमला बोला। प्रधानमंत्री ने महागठबंधन को 'महालठबंधन' करार दिया। यह भी कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) पिछले सभी चुनावी रिकॉर्ड तोड़ देगा। उन्होंने राष्ट्रीय जनता दल (राजद) और कांग्रेस को निशाने पर लेते हुए कहा कि इन दलों के नेता सबसे भ्रष्ट और जमानत पर छूटे हुए लोग हैं। मोदी ने कहा, बिहार 'जंगलराज' को दूर रखेगा और सुशासन के लिए वोट देगा। नई रफ्तार से चलेगा बिहार, जब फिर आएगी राजग (एनडीए) सरकार। यह आरोप भी लगाया कि 'इंडिया' गठबंधन के दो सबसे बड़े घटक दल राष्ट्रीय जनता दल (राजद) और कांग्रेस के नेता सबसे भ्रष्ट और जमानत पर छूटे हुए लोग हैं।

पीएम ने जोर देकर कहा, नीतीश के नेतृत्व में सभी चुनावी रिकॉर्ड तोड़ेगा राजग

- मोदी ने विपक्षी महागठबंधन को बताया 'महालठबंधन', लोगों से की बचने की अपील
- कांग्रेस-राजद पर झमुमो और वीआईपी को धोखा देने का लगाया आरोप
- जमानत पर छूटे लोगों की बातों और वादों पर भरोसा नहीं करेगी यहां की जनता
- 'जंगलराज' को दूर रखकर सुशासन के लिए वोट करने का किया आह्वान

आधुनिक उपकरण उपलब्ध, 'लालटेन' की क्या जरूरत

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, बिहार के लोग उन लोगों पर भरोसा नहीं कर सकते जो जमानत पर छूटे हुए लोग हैं। तेजस्वी का नाम उनके लालू प्रसाद के साथ नौकरी के लिए जमीन घोटाले में आया। मोदी ने दोनों जनसभाओं में मौजूद लोगों से अपने मोबाइल फोन की लाइट जलाने को कहा और फिर राजद पर कटाक्ष करते हुए कहा, जब सभी लोगों के पास ऐसे आधुनिक उपकरण उपलब्ध हैं, तो लालटेन की कोई जरूरत नहीं है।

मुख्यमंत्री नीतीश के नेतृत्व की खुलकर प्रशंसा

मोदी ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व की खुलकर प्रशंसा की। कहा कि कुमार पिछले 20 वर्षों से (बीच में कुछ महीने छोड़कर) बिहार के मुख्यमंत्री हैं। नीतीश 2005 में सत्ता में आए, लेकिन उनके कार्यकाल का लगभग एक दशक, केंद्र में कांग्रेस के नेतृत्व वाली संप्रग सरकार के कारण बाधित रहा, जिसे राजद द्वारा लगातार ब्लैकमेल किया गया कि अगर बिहार में राजग सरकार को सहयोग दिया गया तो राजद समर्थन वापस ले लेगा।

सहरसा के सिमरी बख्तियारपुर में चुनावी सभा

नीतीश चाचा को भाजपा ने हाईजैक कर लिया : तेजस्वी

PATNA : शुक्रवार से नेता प्रतिपक्ष और 'इंडिया' गठबंधन के सीम फेस तेजस्वी यादव ने ताबड़तोड़ चुनाव प्रचार शुरू कर दिया। सबसे पहले वो सहरसा के सिमरी बख्तियारपुर में चुनावी सभा को संबोधित किया। कहा, बिहार सबसे पिछड़ा राज्य है। मेरे दिल में हमेशा ये दर्द रहता है। मेरी उम्र कच्ची है, लेकिन जुबान पक्की। मुझे सिर्फ एक मौका चाहिए। मैंने आपसे जो वादे किए हैं, सब पूरे कर दूंगा। नीतीश चाचा को तो बीजेपी ने हाईजैक कर लिया है। अमित शाह ने कह दिया है कि चुनाव के बाद विधायक लोग मिलकर फैसला लेंगे। उन्होंने कहा कि सरकार को बदलने का समय आ गया है। सभी समाज के लोगों को हमलोग साथ लेकर चलना चाहते हैं।

एक नई सरकार, नया बिहार बनाना हैं। हमारी सरकार बनी तो बिहार देश का पहला राज्य होगा, जहां हर परिवार में सरकारी नौकरी होगी। हम केवल सीएम और सरकार बनाने के लिए नहीं जुटे हैं, बल्कि नया सहरसा, नया बिहार बनाने के लिए जुटे हैं। बिहारी होने के नाते तेजस्वी के दिल में एक दर्द है, हमारा बिहार सबसे पिछड़ा है, गरीब है। यहां पलायन सबसे ज्यादा है, बेरोजगारी चरम पर है। भ्रष्टाचार-अपराध चरम पर है।

दर्दनाक : कुर्नूल में चिन्नाटेकुर के पास हुआ हादसा, 39 लोग थे सवार

आंध्र प्रदेश में चलती बस में लगी आग, 20 जिंदा जले

AGENCY KURNOOL : आंध्र प्रदेश के कुर्नूल में चिन्नाटेकुर के पास एक प्राइवेट बस में आग लग गई। हादसे में 20 यात्री जिंदा जल गए। कुर्नूल कलेक्टर के मुताबिक घटना शुक्रवार सुबह लगभग 3:30 बजे हुई। अब तक 11 शवों की पहचान हो गई है, 9 के बारे में पता नहीं चल पाया है। बस हैदराबाद से बेंगलुरु जा रही थी। राष्ट्रीय राजमार्ग-44 पर बाइक में टक्कर हुई। बाइक बस के नीचे घुस गई और फ्यूल टैंक से टकरा गई। इससे बस में तुरंत आग लग गई। हादसे में बाइक सवार शिवशंकर की भी मौत हो गई। बस में लगभग 39 यात्री सवार थे। इनमें 4 बच्चे और दो अज्ञात शामिल हैं। 19 ने कूदकर जान बचाई। इमरजेंसी गेट तोड़कर निकले लोग बुरी तरह झुलस गए थे, इन्हें कुर्नूल सरकारी हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया।

एनएच-44 में टक्कर के बाद फ्यूल टैंक से टकराई बाइक, इससे भड़की चिंगारी



शॉर्ट सर्किट हुआ और नहीं खुला दरवाजा

कुर्नूल रेंज के डीआईजी कोया प्रवीण ने बताया कि बस में सवार 2 बच्चों समेत 21 यात्री बाल-बाल बच गए। ड्राइवर-क्लीनर की कोई जानकारी नहीं मिली है। ज्यादातर लोग 25 से 35 साल के थे। हादसे के वक्त यात्री सो रहे थे, जिससे उन्हें बचने का मौका नहीं मिला। आग लगने के बाद बस में शॉर्ट सर्किट हुआ। इससे बस का दरवाजा भी जाम हो गया। शीशे तोड़ने के लिए कोई सेफ्टी हैमर नहीं थे। पीएम मोदी ने 'एक्स' पर लिखा- कुर्नूल का हादसा दुखद है। मेरी संवेदनाएं मृतकों के परिवार के साथ है। पीएमओ ने मृतकों के परिवार के लिए ₹2 लाख और घायलों को ₹50 हजार दिए जाने का ऐलान किया है। जाएगी। तेलंगाना सरकार ने मारे गए लोगों के परिजन को 5 लाख और घायलों को 2 लाख की वित्तीय सहायता का ऐलान किया है।

तीन समन पर हाजिर नहीं हुई स्निग्धा सिंह अब वारंट लेने की तैयारी में एसीबी

- एंटी करप्शन ब्यूरो की कांड संख्या 11/2025 की नामजद आरोपी हैं स्निग्धा
- विनय सिंह और उनकी पत्नी स्निग्धा सिंह के नाम है वह भूमि, जिसे लेकर दर्ज की गई है प्राथमिकी

RANCHI : आईएएस विनय चौबे के हजारीबाग डीसी रहने के दौरान वन भूमि की अवैध ढंग से खरीद-बिक्री और नियमविरुद्ध म्यूटेशन से जुड़े मामले की आरोपी स्निग्धा सिंह एंटी करप्शन ब्यूरो (एसीबी) के तीसरे समन पर भी उपस्थित नहीं हुई हैं। एसीबी ने उन्हें इस केस में पूछताछ के लिए तीन बार समन भेजा है। लेकिन, वो अभी तक एजेंसी के समक्ष एक बार भी हाजिर नहीं हुई हैं। इसके बाद अब एसीबी उनके खिलाफ वारंट लेने की तैयारी में है। छठ पूजा के बाद एसीबी कोर्ट में स्निग्धा सिंह के विरुद्ध वारंट जारी करने के लिए आवेदन दे सकती है। स्निग्धा सिंह एसीबी की कांड संख्या 11/2025 की नामजद आरोपी हैं। एसीबी के मुताबिक, जिस भूमि को लेकर प्राथमिकी दर्ज की गई है, वह विनय सिंह और उनकी पत्नी स्निग्धा सिंह के नाम है। यह भूमि हजारीबाग के सदर अंचल के थाना नंबर 252 में स्थित है, जिसका खाता नंबर 95, प्लॉट नंबर 1055, 1060 व 848 और कुल रकबा 28 डिसमिल और खाता नंबर 73, प्लॉट नंबर 812 और रकबा 72 डिसमिल है।

टेंडर घोटाले में पूर्व मंत्री के आप्त सचिव की पत्नी सहित 8 के खिलाफ ईडी ने दाखिल की चार्जशीट

PHOTON NEWS RANCHI : एनफोर्समेंट डायरेक्टरेट यानी प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने ग्रामीण विकास विभाग में हुए टेंडर घोटाले में तत्कालीन ग्रामीण विकास मंत्री आलमगीर आलम के आप्त सचिव संजीव लाल की पत्नी रीता लाल सहित आठ के खिलाफ कोर्ट में चार्जशीट दाखिल की है। आरोपित अभियुक्तों में वीरेंद्र राम को घूस और महंगी गाड़ियां देने वाले ठेकेदारों के अलावा वीरेंद्र राम का हिसाब-किताब रखने और घूस की रकम वसूलने वाले ठेकेदार भी शामिल हैं। ग्रामीण विकास विभाग में टेंडर घोटाला और मनी लॉन्ड्रिंग के मामले में ईडी द्वारा दायर किया जाने वाला यह चौथा आरोप (अभियोजन पक्ष की शिकायत) पत्र है। इससे अब इस घोटाले में आरोपित अभियुक्तों की संख्या बढ़कर 22 हो गई है। ईडी ने पीएमएलए के विशेष न्यायाधीश की अदालत में दायर आरोपपत्र में ग्रामीण विकास में टेंडर घोटाले में कमीशन देने वाले ठेकेदारों के अलावा कमीशन की राशि से संपत्ति खरीदने वालों को भी आरोपित किया गया है। ईडी ने चौथे आरोप पत्र में ठेकेदार राजेश कुमार को आरोपित किया है। इसके अलावा उसकी कंपनी मेसर्स राजेश कुमार कंस्ट्रक्शन प्राइवेट लिमिटेड और परमानंद सिंह बिल्डर्स प्राइवेट लिमिटेड को आरोपी बनाया है। विभाग के तत्कालीन मुख्य अभियंता वीरेंद्र राम के ठिकानों पर छापेमारी के दौरान कुछ महंगी गाड़ियां जब्त की गई थीं।

- ग्रामीण विकास विभाग में स्कैम और मनी लॉन्ड्रिंग के मामले में यह चौथा आरोपपत्र
- इस मामले में अब आरोपी अभियुक्तों की संख्या बढ़कर हो गई 22
- वीरेंद्र राम के ठिकानों पर छापेमारी के दौरान जब्त की गई थीं कुछ महंगी गाड़ियां

बड़ी पहल केंद्र सरकार ने मानक तय करने के लिए बनाई व्यापक रूपरेखा

दिव्यांगों से जुड़े उपकरणों की क्वालिटी से नहीं होगा समझौता

PHOTON NEWS @ RESEARCH DESK : देश में दिव्यांगों की सुविधाओं के साथ-साथ उनके लिए जरूरी उपकरणों की क्वालिटी पर केंद्र सरकार ने विशेष ध्यान दिया है। सरकार ने दिव्यांग व्यक्तियों के लिए सहायक उपकरणों के मानकों और पहुंच को विनियमित करने के लिए मसौदा नियमों के हिस्से के रूप में प्रमाणन, खरीद, ट्रैकिंग, वितरण और शिकायत निगरानी के लिए एक ऑनलाइन सहायक प्रौद्योगिकी पोर्टल स्थापित करने का प्रस्ताव दिया है। सहायक प्रौद्योगिकी नियम 2025 के प्रारूप में वर्गीकरण, प्रमाणन, खरीद, सामर्थ्य, उपयोगकर्ता सुरक्षा और मौजूदा स्वास्थ्य व सामाजिक कल्याण योजनाओं में सहायक प्रौद्योगिकी को शामिल करते हुए एक व्यापक रूपरेखा बनाई गई है। नियमों में सहायक प्रौद्योगिकी को तीन श्रेणियों में बांटा गया है। ये हैं- आवश्यक (जैसे व्हीलचेयर, चश्मा, श्रवण यंत्र), विशिष्ट (जैसे स्क्रीन रीडर, कृत्रिम अंग, कोक्लीयर प्रत्यारोपण) और उभरती हुई (जैसे एआई-सक्षम उपकरण, रोबोटिक्स, मस्तिष्क-कंप्यूटर इंटरफेस सिस्टम)। सभी सहायक उत्पादों को उपयोग के लिए उपलब्ध कराए जाने से पहले भारतीय मानक ब्यूरो (बीआईएस) या किसी अन्य अधिसूचित प्राधिकरण द्वारा निर्धारित मानकों के अनुरूप होना आवश्यक होगा।

प्रमाणन, खरीद, ट्रैकिंग, वितरण व शिकायत निगरानी के लिए बनेगा ऑनलाइन पोर्टल

स्वास्थ्य व सामाजिक कल्याण योजनाओं में सहायक प्रौद्योगिकी को किया जाएगा शामिल

- उत्पादों का उपयोग के लिए उपलब्ध कराने से पहले मानकों पर खरा उतरना जरूरी
- केंद्र की ओर से नामित सक्षम प्राधिकारी ही कर सकते हैं उपकरण श्रेणियों का प्रमाणन

सहायक उपकरणों के तत्काल प्रतिस्थापन के लिए किए गए विशेष प्रावधान

- निर्माण, आयात, भंडारण और वितरण को अन्य लागू कानूनों का करना होगा पालन
- पारदर्शी निविदा प्रक्रिया के माध्यम से ही की जाएगी उपकरणों की सरकारी खरीद

चिकित्सा आपूर्ति श्रृंखला के साथ जुड़ाव

प्रमाणन केंद्र द्वारा नामित सक्षम प्राधिकारियों द्वारा किया जाएगा और उपकरण श्रेणियों के आधार पर चरणबद्ध कार्यान्वयन किया जाएगा। निर्माण, आयात, भंडारण और वितरण को अन्य लागू कानूनों का भी पालन करना होगा। मसौदे में स्पष्ट किया गया है कि ऐसे उपकरणों की सरकारी खरीद पारदर्शी निविदा प्रक्रिया के माध्यम से की जाएगी, तथा केवल प्रमाणित निमार्ताओं से ही खरीद की जाएगी। दिशा-निर्देशों में कहा गया है कि आवश्यक उपकरणों के लिए नुस्खे, अनुकूलन या फिटिंग की आवश्यकता हो सकती है।

BRIEF NEWS

झरिया में हिंसक झड़प, पुलिस ने किया लाठीचार्ज

DHANBAD : झरिया स्थित भौंरा ओपी क्षेत्र के परसियाबाद मोड़ पर गुरुवार की देर रात उस समय जबरदस्त हंगामा हो गया जब एक डंपर मालिक और जेएलकेएम नेता के बीच मामूली विवाद ने हिंसक रूप ले लिया। यह विवाद पूर्व वार्ड पार्षद एवं डंपर मालिक शिव कुमार यादव और जेएलकेएम के झरिया प्रखंड अध्यक्ष कार्तिक महतो के समर्थकों के बीच हुआ। हिंसक झड़प के बाद स्थिति इतनी बेकाबू हो गई कि करीब तीन घंटे तक भौंरा मुख्य सड़क जाम रही, जिसके चलते पुलिस को अंततः लाठीचार्ज का सहारा लेना पड़ा। कार्तिक महतो ने आरोप लगाया कि भौंरा क्षेत्र में डंपरों के कारण लगातार प्रदूषण और सड़क पर कीचड़ की समस्या बनी रहती है। गुरुवार को सड़क पर पानी का छिड़काव होने के बाद एक डंपर के तेज गति से गुजरने पर कीचड़ उछलकर राहगीरों पर गिर गया। इस पर कार्तिक महतो ने डंपर चालक को वाहन रोकने को कहा। महतो के अनुसार, चालक ने इसकी सूचना डंपर मालिक शिव कुमार यादव को दी। कुछ देर बाद शिव कुमार यादव अपने सहयोगियों के साथ लाठी-डंडे लेकर पहुंचे और अचानक उन पर हमला कर दिया। इस हमले में कार्तिक महतो का दायां हाथ टूट गया। मारपीट की घटना के बाद मौके पर पहुंची भीड़ के बीच तनाव और बढ़ गया। भीड़ के आक्रोश के बीच एक जेएलकेएम नेता के समर्थक, डिस्को महतो ने आत्मदाह करने का प्रयास किया, लेकिन मौके पर मौजूद पुलिसकर्मियों की तत्परता से एक बड़ा हादसा टल गया। हालांकि, इस घटना से लोगों का गुस्सा और भड़क गया और उन्होंने तुरंत भौंरा मुख्य सड़क को जाम कर दिया। इस जाम के कारण करीब तीन घंटे तक कोयला ट्रांसपोर्टिंग पूरी तरह से ठप रही। घटना को गंभीरता से लेते हुए सिंदरी अनुमंडल के कई थानों की पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति को नियंत्रित करने का प्रयास किया। जब भीड़ नियंत्रित नहीं हुई, तो पुलिस को भीड़ को तितर-बितर करने के लिए हल्का बल प्रयोग (लाठीचार्ज) भी करना पड़ा। इस लाठीचार्ज में कुछ महिलाओं को भी चोटें आई हैं।

सांसद खेल महोत्सव को लेकर सांसद ने की बैठक

PALAMU : सांसद विष्णु दयाल राम ने सांसद खेल महोत्सव को लेकर शांतिपूरी स्थित आवास पर भाजपा के जिले के वरिष्ठ पदाधिकारी, मंडल अध्यक्ष और सांसद प्रतिनिधियों के साथ शुक्रवार को बैठक की। बैठक का मुख्य उद्देश्य महोत्सव को जन-जन तक पहुंचाना और खिलाड़ियों की अधिकतम भागीदारी सुनिश्चित करना था। बैठक में सांसद ने कहा कि सांसद खेल महोत्सव युवाओं को मंच देने और खेल संस्कृति को बढ़ावा देने का एक महत्वपूर्ण माध्यम है। उन्होंने आयोजन को और बेहतर बनाने के लिए सभी के बहुमूल्य मंतव्यों को भी गंभीरता से सुना और सभी कार्यकताओं से इस आयोजन को सफल बनाने में अपनी पूरी ऊर्जा लगाने की अपील की। उल्लेखनीय है कि उक्त खेल महोत्सव में विभिन्न खेलों हाफ मैराथन, फुटबॉल, कराटे गतका, बैडमिंटन, कबड्डी, वालीबॉल, खो-खो का आयोजन किया जाना है। इसका शुभारंभ दो नवंबर को शिवाजी मैदान से पुलिस स्टेडियम तक हाफ मैराथन के साथ किया जाना है। महोत्सव का समापन 21 दिसंबर को होगा। सांसद ने बताया कि प्रत्येक खेलों के लिये राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर के खिलाडियों को एंबेसडर बनाया जा रहा है।

ओझा-गुनी के शक में भतीजों ने किया जानलेवा हमला, अस्पताल में इलाजरत

पलामू जिले के तरहसी थाना क्षेत्र स्थित छतरपुर में हुई घटना, पत्नी ने मचाया शोर

PHOTON NEWS PALAMU : पलामू जिले के तरहसी थाना क्षेत्र स्थित छतरपुर में अंधविश्वास और पुरानी रंजिश के चलते एक हृदय विदारक घटना सामने आई है। यहां गोतिया के ही तीन लोगों ने एक वृद्ध व्यक्ति को ओझा-गुनी बताकर गड़ासे से जानलेवा हमला कर दिया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए। घायल वृद्ध को बेहतर इलाज के लिए शुक्रवार को मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज अस्पताल (एमएमसीएच) में भर्ती कराया गया है।

अस्पताल में इलाजरत घायल ● फोटोन न्यूज

घायल वृद्ध की पहचान चंद्रदीप भुइयां के रूप में हुई है। इस संबंध में एमएमसीएच चौकी पुलिस ने उसका बयान लेकर तरहसी पुलिस को जानकारी दी है। चंद्रदीप भुइयां की पत्नी अनार देवी ने पुलिस को बताया कि गुरुवार देर रात वह और उसके पति चंद्रदीप भुइयां कमरे में सोए थे। उसी दौरान उन्होंने तेज आवाज सुनी। जब वह जागीं, तो देखा कि अंता भुइयां, जयराम भुइयां और श्रीराम भुइयां उनके पति पर गड़ासे से वार कर रहे हैं। अनार देवी के चीखने-चिल्लाने और बीच-बचाव करने पर उनके पति की जान बच पाई। उन्होंने बताया कि अगर वह थोड़ा भी लेट हो जातीं, तो उनके पति की गर्दन काट दी जाती।

अनार देवी ने बताया कि अंता, जयराम और श्रीराम भुइयां उनके भतीजे लगते हैं और वे गोतिया हैं। आरोप लगाया कि उसके भाई चनेश्वरी भुइयां और उसके परिवार के लोग चंद्रदीप भुइयां को ओझा-गुनी (जादू-टोना करने वाला) मानते हैं। इस अंधविश्वास के कारण पहले भी विवाद हो चुका है और पूर्व में उनकी बहू छवि देवी की पिटाई भी की गई थी।

वृद्ध की पत्नी ने यह भी बताया कि घर पर उस समय केवल वह और उनकी बहू थीं, जो अपने कमरे में थी। हमलावरों ने इसी स्थिति का फायदा उठाकर पुरानी रंजिश के कारण उनके पति की हत्या करने की कोशिश की। महिला ने यह भी स्पष्ट किया कि गोतिया से उनका जमीन विवाद भी चला आ रहा है, लेकिन मुख्य कारण उनके पति को ओझा-गुनी बताकर जान लेने की कोशिश करना ही था। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

विवाहिता की संदिग्ध परिस्थिति में मौत

CHAIBASA : पश्चिमी सिंहभूम जिले के सोनुवा थाना अंतर्गत सोनापोस गांव में शुक्रवार की सुबह एक विवाहिता की संदिग्ध परिस्थिति में मौत हो गई। इसके बाद सोनुवा थाना की पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। ससुराल वालों के मुताबिक, मृतक रंजीता मुंडा सुबह गांव के चापाकल से घर में पानी लाने के बाद घरेलू कार्य कर रही थी। इस बीच रंजीता मुंडा ने फंदे में फांसी लगा कर आत्महत्या कर ली। वहीं, रंजीता की मौत की खबर पाकर मृतक के जोड़पोखर गांव में रहने वाले मायके वालो ने रंजीत की मौत को ससुराल के लोगों द्वारा हत्या करने का आरोप लगा रहे हैं। वहीं, पुलिस दोनो पक्षों से पूछताछ कर जांच में जुट गई है। जानकारी के अनुसार, जोड़ापोखर गांव की रंजीता मुंडा पिता – लोकनाथ मुंडा व सोनापोस गांव के राजू प्रधान पिता – जगन्नाथ प्रधान से प्रेम विवाह किया था। रंजीत के परिजनों के मुताबिक, रंजीता के प्रेम विवाह के बाद ससुराल वालों द्वारा प्रताड़ित किया जाता था।

धनबाद रेलवे स्टेशन पर ट्रेन में बेहोश मिला युवक यात्रियों की सूझबूझ से बची जान, अस्पताल में भर्ती

गया से सवार हुआ था युवक, शरीर में हरकत नहीं देख यात्रियों ने पुलिस को बताया

PHOTON NEWS DHANBAD : धनबाद रेलवे स्टेशन पर शुक्रवार को यात्रियों की सतर्कता और सूझबूझ से एक गंभीर मामला सामने आया, जिसने स्टेशन परिसर में सनसनी फैला दी। आसनसोल जा रही ईएमयू ट्रेन की एक बोगी में एक युवक कई घंटों से बेहोशी की हालत में पड़ा मिला। सहयात्रियों की त्वरित सूचना पर रेल पुलिस ने युवक को ट्रेन से उतारकर तुरंत इलाज के लिए अस्पताल भेज दिया, जिससे उसकी जान बच सकी। अब तक युवक की पहचान नहीं हो सकी है। उसके पास से न तो किसी प्रकार का पहचान पत्र मिला है और न ही कोई मोबाइल फोन, जिससे उसकी शिनाख्त करना मुश्किल हो रहा है। आरपीएफ और जीआरपी अधिकारियों ने बताया कि युवक के होश में आने के बाद ही इस पूरे मामले और उसकी वास्तविक स्थिति के बारे में जानकारी मिल सकेगी। रेल पुलिस के अनुसार, यह युवक गया स्टेशन से ही ट्रेन में सवार हुआ था, लेकिन सफर के दौरान वह अपनी सीट पर बेसुध पड़ा रहा। शुरूआत में सहयात्रियों ने समझा कि वह गहरी नींद में है। हालांकि, कई घंटों तक उसकी ओर से कोई हरकत नहीं होने पर यात्रियों को शक हुआ। यात्रियों ने उसे आवाज देकर जगाने की कोशिश की और यहां तक कि उसके चेहरे पर पानी के छींटे भी मारे, लेकिन युवक की ओर से कोई प्रतिक्रिया नहीं मिली। जब युवक बेसुध ही पड़ा रहा, तो ट्रेन सवार यात्रियों ने तुरंत रेलवे हेल्पलाइन नंबर 139 पर फोन कर घटना की सूचना दी।

ट्रेन से बेहोश युवक को उतारते आरपीएफ के जवान ● फोटोन न्यूज

रेल पुलिस ने शुरू की त्वरित कार्रवाई, जांच शुरू : सूचना मिलते ही धनबाद स्टेशन पर आरपीएफ और जीआरपी की टीम पूरी तरह सतर्क हो गई। ट्रेन के प्लेटफॉर्म पर पहुंचते ही रेल पुलिस की टीम ने बिना देर किए युवक को सावधानीपूर्वक ट्रेन से उतारा और तुरंत इलाज के लिए रेलवे अस्पताल भेज दिया। रेल पुलिस ने बताया कि मामले की जानकारी मिलते ही जांच शुरू कर दी गई है।

डीसी-एसपी ने लिया चाईबासा व चक्रधरपुर के छठ घाटों का जायजा

नदी घाट का निरीक्षण करते डीसी चंदन कुमार व एसपी अमित रेणु

CHAIBASA : छठ महापर्व 27 व 28 अक्टूबर को मनाया जाएगा। इसे लेकर उपायुक्त चंदन कुमार व पुलिस अधीक्षक अमित रेणु ने चाईबासा व चक्रधरपुर शहर के छठ घाटों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने करणी मंदिर घाट, गांधी टोला घाट, कुम्हारटोली घाट, थाना घाट एवं सीढ़ी घाट का जायजा लेकर की जा रही व्यवस्थाओं का अवलोकन किया। उन्होंने साफ-सफाई, व्रतियों के लिए बन रहे चेंजिंग रूम, सभी घाटों व मार्गों में रोशनी की व्यवस्था सहित श्रद्धालुओं के लिए उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं को देखा। उपायुक्त ने बताया कि संबंधित पदाधिकारियों को साफ-सफाई के अलावा श्रद्धालुओं की सुविधा से जुड़ी सभी व्यवस्था को दुरुस्त रखने का निर्देश दिया गया है। सभी घाटों पर पानी की गहराई के अनुसार सुरक्षित स्थान तक बैरिकेडिंग करने, सभी घाटों और मार्गों में पर्याप्त रोशनी की व्यवस्था कराने के लिए उचित दिशा निर्देश दिया गया है। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि छठ पर्व के दौरान घाटों पर सुरक्षा व्यवस्था को सुनिश्चित कराने के लिए प्रशासन सक्रिय है, ताकि सभी जिलेवासी हर्षोल्लास व रीति रिवाज के साथ लोक आस्था के पर्व को मना सकें।

ऑपरेशन के दौरान कटी महिला की आंत, मौत

हुसैनाबाद में हंगामा, हॉस्पिटल पर फूटा परिजनों का गुस्सा, टायर जलाकर किया प्रदर्शन

PHOTON NEWS PALAMU : पलामू जिले के हुसैनाबाद स्थित एक निजी अस्पताल में कथित तौर पर हुई घोर लापरवाही ने एक महिला की जान ले ली है। परिजनों का आरोप है कि आर्यन हॉस्पिटल में ऑपरेशन के दौरान 50 वर्षीय महिला की आंत कट गई, जिससे उसकी स्थिति गंभीर हो गई और अंततः रांची में इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। इस घटना से आक्रोशित परिजनों और ग्रामीणों ने शुक्रवार को सुबह 7 बजे से ही जपला-छतरपुर मार्ग को जाम कर विरोध प्रदर्शन शुरू कर दिया। सिद्धनाथ पेट्रोल पंप के पास सड़क पर गाड़ियों को टेढ़ा लगाकर और टायर जलाकर प्रदर्शन किया गया। इससे दोनों तरफ वाहनों की लंबी कतारें लग गईं। प्रदर्शनकारी अस्पताल प्रबंधन और प्रशासन से मुआवजे की मांग पर अड़े थे।

टायर जलाकर सड़क जाम करते लोग ● फोटोन न्यूज

मृतका की पहचान कलावती देवी के रूप में हुई है, जो बिहार के रोहतास जिले के इंद्रपुरी के जयनगरा की निवासी थी। उसके पति का नाम रामचंद्र बैठा है। कलावती देवी का ऑपरेशन 14 अक्टूबर को हुसैनाबाद के आर्यन हॉस्पिटल में हुआ था। परिजनों ने आरोप लगाया कि ऑपरेशन के बाद कलावती देवी की स्थिति लगातार बिगड़ती गई, जिसके बाद उसे आनन-फानन में रांची के एक निजी अस्पताल में रेफर कर दिया गया। परिजनों ने कहस कि महिला के इलाज में काफी पैसा खर्च किया, लेकिन कई दिनों तक जिंदगी और मौत से लड़ने के बाद उनकी मृत्यु हो गई। परिजनों का आरोप है कि यह मौत हॉस्पिटल में ऑपरेशन के दौरान आंत कटने के कारण हुई है, जो सीधे तौर पर चिकित्सकीय लापरवाही का मामला है। घटना की सूचना मिलने के बाद हुसैनाबाद थाना पुलिस मौके पर पहुंची और प्रदर्शनकारियों को शांत कराकर जाम हटाने का प्रयास कर रही थी। इस संबंध में, सामाजिक कार्यकर्ता विक्रम कुमार अंजन ने प्रशासन से संवैधानिक तरीके से मुआवजे की मांग की है। उन्होंने बताया कि मृतका कलावती देवी अपने परिवार की एकमात्र कमाने वाली सदस्य थी। उसके पति रामचंद्र बैठा लकवाग्रस्त होने के कारण चलने-फिरने में असमर्थ हैं। कलावती देवी की दो बेटियां हैं, जो शादी योग्य हैं। विक्रम कुमार अंजन ने तर्क दिया कि यदि प्रशासन और अस्पताल प्रबंधन मुआवजा देता है, तो ही परिवार अपनी बेटियों की शादी और अन्य आवश्यक कार्यों को पूरा कर पाएगा। फिलहाल, पुलिस प्रशासन और स्थानीय नेताओं की मदद से जाम खुलवाने और प्रदर्शनकारियों को समझाने-बुझाने का प्रयास किया गया।

अवैध संबंध के संदेह में भतीजे ने कर दी चाचा की हत्या, आरोपी गिरफ्तार

KHUNTI : अड़की थाना क्षेत्र के साके गांव में शुक्रवार को एतवा सोय (18) ने अपने चाचा सामू सोय (25) की ईंट से सिर कुचकर हत्या कर दी। पुलिस ने आरोपित युवक को कुछ ही घंटों में गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस के अनुसार आरोपित एतवा सोय को शक था कि चाचा सामू सोय का उसकी मां के साथ अनैतिक संबंध था। आक्रोश में आकर उसने अपने चाचा की हत्या कर डाली। घटना की सूचना मिलते ही अड़की थाना प्रभारी प्रवीण कुमार तिवारी के निर्देशन में पुलिस उपनिरीक्षक कुंदन कुमार सशस्त्र बल के साथ मौके पर पहुंचे और आरोपित भतीजा एतवा सोय को गांव से ही गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने मौके से घटना में प्रयुक्त ईंट, आरोपित का खून से सनी टी-शर्ट तथा खून लगी मिट्टी का नमूना बरामद किया।

हजारीबाग में भारी मात्रा में देसी शराब जब्त, ड्रोन से निगरानी

AGENCY HAZARIBAG : बिहार विधानसभा चुनाव को देखते हुए जिला प्रशासन ने अवैध गतिविधियों पर रोक लगाने के लिए लगातार सख्त कदम उठा रही है। उपायुक्त शशि प्रकाश सिंह के निर्देश पर निर्वाचन आचार संहिता के पालन के लिए उत्पाद विभाग ने सघन छापेमारी अभियान चलाया। इस कार्रवाई के तहत सहायक आयुक्त, उत्पाद विभाग के नेतृत्व में चोरदाहा चेक पोस्ट पर तैनात उत्पाद कर्मियों ने बिहार मद्य निषेध विभाग, गया (बिहार) के सहयोग से चौपारण थाना क्षेत्र के बुकाड जंगल और नदी किनारे सीमावर्ती इलाकों में संयुक्त छापेमारी अभियान चलाया। अभियान के दौरान ड्रोन कैमरे की सहायता से सघन जंगल में सक्रिय जलती भट्टियों की पहचान कर उन्हें नष्ट किया गया। छापेमारी दल ने मौके से 5000 किलोग्राम किन्वित जावा महुआ, शराब बनाने की सामग्री, तथा लगभग 400 लीटर तैयार महुआ चुलाई शराब जब्त किया गया। विभाग के अधिकारी ने बताया कि अवैध शराब निर्माण में संलिप्त व्यक्तियों की पहचान की जा रही है और उनके खिलाफ संबंधित धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज करने की प्रक्रिया जारी है। छापेमारी दल में अवर निरीक्षक उत्पाद सुमितेश कुमार, सहायक अवर निरीक्षक सैयद बशीरुद्दीन, एंटोनी बागे, बिहार मद्य निषेध विभाग गया के सहायक अवर निरीक्षक अभय कुमार, तकनीकी टीम, उत्पाद आरक्षी अनूप कुमार सिंह और सशस्त्र गृह रक्षक बल के जवान शामिल थे। जिला प्रशासन की ओर से बताया गया कि निर्वाचन के दौरान सीमावर्ती क्षेत्रों में अवैध मद्य निर्माण, परिवहन और भंडारण पर विशेष निगरानी रखी जा रही है ताकि किसी भी प्रकार की अवैध गतिविधि को चुनाव प्रक्रिया को प्रभावित करने से रोका जा सके।

शराब भट्ठी में रखा ड्रोन

धर्म-कर्म किन्नर धर्म सम्मेलन में महामंडलेश्वर डॉ. लक्ष्मीनारायण त्रिपाठी ने दिया समानता पर जोर

शहर में पहली बार हुआ किन्नरों का जुटान, निकाली गई शोभायात्रा

PHOTON NEWS JSR : शहर में शुक्रवार को एक ऐतिहासिक क्षण दर्ज हुआ जब पहली बार किन्नर अखाड़ा के तत्वावधान में भव्य धर्म सम्मेलन का आयोजन किया गया। यह आयोजन बिष्टुपुर स्थित माइकल जॉन सभागार में हुआ, जहां देशभर से किन्नर समाज के प्रतिनिधियों, प्रबुद्धजनों और श्रद्धालुओं ने बड़ी संख्या में भाग लिया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि किन्नर अखाड़ा की महामंडलेश्वर डॉ लक्ष्मीनारायण त्रिपाठी थीं, जिनके आगमन पर सभागार जयघोष से गूंज उठा। कार्यक्रम से पहले महामंडलेश्वर डॉ त्रिपाठी ने बिष्टुपुर स्थित मंदिर में पूजा-अर्चना कर देश और राज्य में सुख-शांति की कामना की। इसके बाद भव्य शोभायात्रा निकाली गई, जो बिष्टुपुर मेन रोड, गोलमुरी, साकची और अन्य प्रमुख मार्गों से गुजरती हुई सभागार तक पहुंची।

बिष्टुपुर स्थित माइकल जॉन ऑडिटोरियम में किन्नर अखाड़ा की महामंडलेश्वर डॉ. लक्ष्मीनारायण त्रिपाठी

झारखंड में बने अर्धनारीश्वर मंदिर व किन्नर आश्रम : महामंडलेश्वर आचार्य

JAMSHEDPUR : बिष्टुपुर स्थित माइकल जॉन आडिटोरियम में शुक्रवार किन्नरों द्वारा धर्म सम्मेलन का आयोजन किया गया। इसकी शुरूआत बिष्टुपुर स्थित राम मंदिर में पूजा अर्चना कर शोभायात्रा निकाली गई, जिसमें शिव-पार्वती की झांकी के साथ महामंडलेश्वर आचार्य डॉ. लक्ष्मी नारायण त्रिपाठी भी विराजमान थीं। शोभायात्रा का समापन माइकल जॉन ऑडिटोरियम में हुआ। धर्म सम्मेलन की अध्यक्षता महामंडलेश्वर अमरजीत नंदगिरी द्वारा की गई, झारखंड प्रदेश के विभिन्न जिलों व समाज के विभिन्न आयामों से लोग आए। अपने संबोधन में महामंडलेश्वर ने कहा कि अगले वार आऊंगी तो मुझे झारखंड में अर्धनारीश्वर भगवान का एक मंदिर होना चाहिए, जिसे हम सबको मिलकर निर्माण करना है। किन्नर समाज के लिए एक आश्रम बनना चाहिए, जहां किन्नरों को एक सम्मानित वातावरण वाला स्थान मिल सके। उन्होंने कहा कि प्रभु श्रीराम ने भी रामायण काल में तृतीय लिंग समुदाय को वरदान दिया था कि उनकी पूजा विशेष होगी, मगर वर्तमान स्थिति में किन्नरों को हीन भावना से देखा जाता है। उन्हें तरह-तरह की यातनाएं सहनी पड़ती हैं। वहीं जमशेदपुर की महामंडलेश्वर अमरजीत जैसी किन्नर भी हैं, जो टाटा स्टील में काम के साथ सनातन धर्म का प्रचार-प्रसार भी दिल लगाकर कर रही हैं। उन्होंने बताया कि कैसे छठ पूजा किन्नरों के लिए खास है।

शोभायात्रा में पारंपरिक संगीत, झांकी और ध्वज यात्रा के साथ किन्नर समाज के सदस्य आकर्षण का केंद्र बने रहे। सभा को संबोधित करते हुए महामंडलेश्वर डॉ लक्ष्मीनारायण त्रिपाठी ने कहा कि इस धर्म सम्मेलन का उद्देश्य समाज में लिंग आधारित भेदभाव को समाप्त करना और सनातन धर्म के मूल भाव प्रेम, समानता और आध्यात्मिकता को लोगों तक पहुंचाना है। उन्होंने कहा कि सनातन संस्कृति की आत्मा उसकी समरसता और विविधता में निहित है। यह धर्म किसी भेदभाव को नहीं, बल्कि हर व्यक्ति को सम्मान देने का संदेश देता है। महामंडलेश्वर ने कहा कि आज आवश्यकता है कि समाज किन्नर समुदाय को केवल एक वर्ग के रूप में नहीं, बल्कि मानवता के अंग के रूप में स्वीकार करे।

कार्यक्रम का संचालन रितिका श्रीवास्तव व मंच संचालन केके ओझा ने किया। वृद्धि श्रेया एवं रुचिका ने गणेश वंदना एवं आचार्य सूरज ओझा द्वारा दीप प्रज्वलन एवं मंत्र उच्चारण के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। रामायण काल में श्रीराम से किन्नरों को प्राप्त आशीर्वाद पराक्रम एवं भागवतगीता परआधारित किन्नर समाज से संबंधित पराक्रम को गीता थिएटर के युवा कलाकारों द्वारा नाट्य रूपांतरण कर प्रस्तुत किया गया। धन्यवाद ज्ञापन महामंडलेश्वर अमरजीत नंदगिरी ने किया। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से जंबो अखाड़ा समिति के अध्यक्ष बंटी सिंह, समाजसेवी विक्की सिंह, शिवशंकर सिंह, अविनाश सिंह राजा, अर्पित पांडे, निरंजन श्रीवास्तव, सुष्मिता सरकार, प्रेम दीक्षित, गीता दीक्षित, हिमांशी प्रधान, विवेक सिंह, संजय चौरसिया, विराट,आनंदी सिंह , एवं किन्नर समाज की गुरु मीरा नायक, गुरु रेखा नायक, गुरु निशा नायक एवं किन्नर समाज एवं विभिन्न संगठनों के पदाधिकारी- सदस्य उपस्थित थे।

वज्रपात पीड़िता ने डीसी से मांगी आर्थिक मदद

LATEHAR : उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता की अध्यक्षता में शुक्रवार को उपायुक्त कार्यालय कक्ष में साप्ताहिक जन शिकायत निवारण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें जिले के शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों से आए लोगों ने अपनी अपनी समस्याओं को उपायुक्त के समक्ष रखा। ग्राम मनचोटांग, पंचायत धनकारा की निवासी सीता देवी ने उपायुक्त के समक्ष अपनी व्यथा व्यक्त करते हुए आर्थिक सहायता की मांग की। आवेदिका ने अपने आवेदन में उल्लेख किया कि 20 सितंबर को वज्रपात की चपेट में आने से वह गंभीर रूप से घायल हो गई थीं। सदर अस्पताल में इलाज के बाद भी अब वे पूर्ण रूप से कार्य करने में असमर्थ हैं। उन्होंने बताया कि उनका परिवार पूरी तरह से उन पर ही आश्रित है तथा वे अत्यंत गरीब परिवार से आती हैं। आवेदिका ने उपायुक्त से निवेदन किया कि उनकी आर्थिक

स्थिति को देखते हुए उन्हें आवश्यक आर्थिक सहायता प्रदान की जाए, ताकि वह अपने परिवार का भरण-पोषण कर सके। आवेदन को संज्ञान में लेते हुए उपायुक्त ने संबंधित पदाधिकारी को अग्रसारित कर आवश्यक कार्रवाई का निर्देश दिया। ज्यादातर मामले अवैध रूप से निकासी, अतिक्रमण मुक्त कराने, जमीन अधिग्रहण, रोजगार आदि के आए। सभी समस्या सुनने के पश्चात उपायुक्त ने संबंधित विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी आवेदनों का भौतिक सत्यापन करते हुए, समस्याओं का समाधान जल्द से जल्द करें।

महापर्व छठ आज से, रांची सहित सभी जिलों में सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम

PHOTON NEWS RANCHI : आस्था और सूयोर्पासना का चार दिवसीय महापर्व छठ शनिवार से शुरू हो रहा है। इसे पूरे झारखंड में तैयारियां जोरों पर हैं। राजधानी रांची से लेकर हजारीबाग, जमशेदपुर, धनबाद, बोकारो और देवघर तक श्रद्धालु घाटों की सफाई और सजावट में जुटे हुए हैं। अधिकतर जगहों पर घाट लगभग तैयार किया जा चुके हैं। इस बीच, संभावित हादसों और भीड़-भाड़ की स्थिति को देखते हुए राष्ट्रीय आपदा प्रतिक्रिया बल (एनडीआरएफ) और राज्य आपदा प्रबंधन विभाग ने विशेष सतर्कता बरतनी शुरू कर दी है। हम जानते हैं कि लाखों की संख्या में श्रद्धालु नदियों, तालाबों और जलाशयों के किनारे सूर्यदेव को अर्घ्य देने के लिए जुटेंगे। इसी को ध्यान में रखते हुए राज्य प्रशासन ने सुरक्षा, सफाई और आपदा प्रबंधन के लिए व्यापक योजना तैयार की है। एनडीआरएफ के डिप्टी कमांडेंट विनय कुमार ने बताया कि राज्यभर में सुरक्षा को लेकर सभी जरूरी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। छठ पर्व के दौरान किसी भी आकस्मिक घटना से निपटने के लिए एनडीआरएफ की विशेष टीमें रांची, हजारीबाग और जमशेदपुर समेत प्रमुख जिलों में तैनात की जा रही हैं। टीमों को जलस्तर की निगरानी, डूबने की स्थिति में त्वरित रेस्क्यू और भीड़ नियंत्रण जैसे विशेष कार्यों की जिम्मेदारी दी गई है।

घाटों की सफाई में जुटे श्रद्धालु, अधिकतर जगह तैयार किए जा चुके हैं घाट, स्थिति को देखते हुए एनडीआरएफ की टीमें अलर्ट

राज्य आपदा प्रबंधन विभाग की ओर से भी हर स्तर पर बरती जा रही विशेष सतर्कता, रेस्क्यू उपकरणों की भी हो चुकी जांच

समन्वय बनाकर हो रहे काम

विनय कुमार ने कहा कि हमारी सभी यूनिट्स अलर्ट मोड में हैं। मॉक ड्रिल पूरी कर ली गई है, रेस्क्यू उपकरणों की जांच हो चुकी है और हर टीम को जिम्मेदारी सौंप दी गई है। उन्होंने बताया कि एनडीआरएफ की ओर से जिला प्रशासन, नगर निगम, और स्वास्थ्य विभाग के साथ समन्वय बनाकर काम किया जा रहा है। सभी जिलों को आवश्यक उपकरण जैसे लाइफ जैकेट, रस्सी, बोट, फ्लोटर और मेडिकल किट उपलब्ध कराए जा चुके हैं। राज्य आपदा प्रबंधन विभाग ने भी सभी जिलों को हाई अलर्ट पर रहने के निर्देश जारी किए हैं।

रांची के छठ घाटों पर विशेष इंतजाम

राजधानी रांची में हरमू, कांके डैम, हटिया, धुर्वा, रांची लेक और कांड्रा रोड जैसे प्रमुख छठ घाटों पर सुरक्षा और सफाई का कार्य लगभग पूरा कर लिया गया है। जिला प्रशासन ने घाटों की गहराई चिन्हित करते हुए सीमांकन कर दिया है, ताकि श्रद्धालु गलती से गहरे पानी में न जाएं। जलाशयों की सफाई, बैरिकेडिंग, लाइटिंग और पेयजल की व्यवस्था की गई है। नगर निगम की ओर से घाटों पर अतिरिक्त सफाईकर्मी तैनात किए गए हैं। एनडीआरएफ की टीम ने स्थानीय गोताखोरों और वॉलेंटियर ग्रुप्स के साथ मिलकर संयुक्त रिहर्सल की है। इसके तहत हर घाट पर रेस्क्यू ऑपरेशन का अभ्यास किया गया ताकि किसी आपात स्थिति में त्वरित कार्रवाई की जा सके।

महिला श्रद्धालुओं की सुविधा पर खास जोर

इस बार महिला श्रद्धालुओं की सुविधा को लेकर विशेष प्रबंध किए गए हैं। कई घाटों पर महिला चेंजिंग रूम बनाए जा रहे हैं। वहीं, महिला पुलिस बल और एनडीआरएफ की महिला कर्मियों की तैनाती भी की जा रही है। स्वास्थ्य विभाग की ओर से घाटों पर महिला चिकित्सा टीम भी मौजूद रहेगी ताकि किसी असुविधा की स्थिति में तुरंत सहायता मिल सके। रांची के उपयुक्त मंजूनाथ भजंत्री ने बताया कि जिला प्रशासन लगातार घाटों का निरीक्षण कर रहा है। उन्होंने कहा कि नगर निगम, विद्युत विभाग और स्वास्थ्य विभाग के साथ समन्वय बनाकर तैयारियां की जा रही हैं। घाटों पर रोशनी के लिए अस्थायी लाइटें लगाई गई हैं। पेयजल व्यवस्था सुनिश्चित की जा रही है और भीड़ नियंत्रण के लिए मजिस्ट्रेट रैंक के अधिकारियों को तैनात किया गया है। प्रशासन ने यह भी सुनिश्चित किया है कि जलाशयों में पानी का स्तर सुरक्षित रहे। कांके डैम और धुर्वा डैम में पानी का फ्लो नियंत्रित रखने का निर्देश जल संसाधन विभाग को दिया गया है। एनडीआरएफ के अधिकारी विनय कुमार ने बताया कि छठ सिर्फ एक धार्मिक पर्व नहीं, बल्कि अनुशासन और श्रद्धा का प्रतीक है। हमारा प्रयास रहेगा कि कोई भी श्रद्धालु किसी परेशानी में न पड़े।

प्रदेश में उत्साह और श्रद्धा का माहौल

राज्य में छठ पूजा को लेकर लोगों में जबरदस्त उत्साह देखा जा रहा है। बाजारों में पूजन सामग्री, सूप-दउरा और फल-सब्जियों की खरीदारी जोरों पर है। शहर के घाटों को रोशनी और फूलों से सजाने का काम जारी है। प्रशासन का दावा है कि इस बार का छठ पर्व पहले की तुलना में अधिक सुव्यवस्थित और सुरक्षित होगा। झारखंड के मुख्यमंत्री ने भी सभी जिलों के प्रशासन को निर्देश दिया है कि श्रद्धालुओं की सुरक्षा में कोई चूक न हो। उन्होंने कहा कि छठ आस्था और अनुशासन का पर्व है। राज्य सरकार यह सुनिश्चित करेगी कि हर श्रद्धालु बिना किसी डर के भगवान सूर्य की आराधना कर सके। छठ महापर्व के अवसर पर एनडीआरएफ, राज्य आपदा प्रबंधन विभाग, नगर निगम और पुलिस प्रशासन की संयुक्त मुस्तैदी से उम्मीद है कि यह पर्व शांतिपूर्ण और सुरक्षित माहौल में संपन्न होगा। राजधानी रांची सहित पूरे राज्य में घाटों पर तैयारियां अंतिम चरण में हैं और श्रद्धालु उल्लास, श्रद्धा और विश्वास के साथ महापर्व का इंतजार कर रहे हैं।

BRIEF NEWS

556वें प्रकाश पर्व पर रांची में प्रभातफेरी

RANCHI : शुक्रवार को सिख पंथ के प्रथम गुरु श्री गुरु नानक देव जी महाराज के 556वें प्रकाश पर्व के उपलक्ष्य में गुरुद्वारा श्री गुरु नानक सत्संग सभा, कृष्णा नगर कॉलोनी, रांची में प्रभातफेरियों की शुरुआत हुई। सिख धर्मावलंबी प्रातः 5.30 बजे जो बोले सो निहाल, सत श्री अकाल का उद्घोष करते हुए गुरुद्वारा पहुंचे। दर्शन दिऊड़ी गेट से निकली प्रभात फेरी विभिन्न गलियों से होती हुई गुरुद्वारा के पार्किंग गेट पर समाप्त हुई। इस दौरान कीर्तन मंडली के सुंदर दास मिढा, जसपाल मुंजाल, इंदर मिढा, रमेश पपनेजा, गीता कटारिया, रेशमा गिरधर सहित अन्य ने सुख निदान प्रीतम प्रभ मेरे..., दीन दरद निवार ठाकुर... और नाम अधार जीवन धन नानक...जैसे शबद गायन कर वातावरण को नानकमय बना दिया।

श्री गुरुनानक देव महाराज का प्रकाशोत्सव पांच को

RANCHI : कार्तिक पूर्णिमा के दिन पांच नवंबर को खालसा पंथ के प्रणेता श्री गुरुनानक देव महाराज का प्रकाशोत्सव मनाया जाएगा। श्री गुरु सिंह सभा रांची की ओर से पीपी कंपाउंड स्थित गुरु नानक स्कूल सभागार में विशेष दीवान सजाया जाएगा। मुख्य दीवान सुबह 10.30 बजे से 3 बजे तक चलेगा, जिसमें सिख पंथ के महान रागी जत्थे के भाई सरबजीत सिंह पटनावाले और श्री दरबार साहिब अमृतसर के कथावाचक ज्ञानी बलदेव सिंह उगरा गुरु इतिहास पर प्रकाश डालेंगे।

नगर विकास मंत्री सुदिव्य कुमार ने लिया छठ घाटों का जायजा, बोले-

नगर निगम और जिला प्रशासन ने समय से पहले कर ली तैयारी

PHOTON NEWS RANCHI : छठ महापर्व को लेकर राजधानी रांची सहित विभिन्न छठ घाटों पर तैयारियां जोरों पर हैं। शुक्रवार को नगर विकास मंत्री सुदीव्य कुमार ने रांची के प्रमुख छठ घाटों का निरीक्षण किया। मंत्री ने चडरी तालाब, जेल तालाब, दिव्यायन तालाब, हटनिया तालाब, कांके डैम और धुर्वा डैम पहुंचकर तैयारियों की समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने आयोजन समितियों से बातचीत की। निरीक्षण के दौरान नगर विकास मंत्री ने कहा कि रांची नगर निगम और जिला प्रशासन द्वारा इस वर्ष छठ महापर्व की तैयारियां समय से पहले कर ली गई है। मंत्री ने कहा कि स्वच्छता पर विशेष ध्यान दिया गया है, ताकि श्रद्धालुओं को साफ-सुथरा और सुरक्षित घाट मिलें। उन्होंने बताया कि राज्य सरकार का उद्देश्य है कि श्रद्धालुओं को स्वच्छ, सुरक्षित और बेहतर वातावरण मिले। घाटों पर कब्जा या आरक्षण से जुड़ी कुछ शिकायतें मिली थीं, जिन पर रांची नगर निगम प्रशासन ने त्वरित कार्रवाई की है। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिया कि जनता की संपत्ति पर किसी भी प्रकार का कब्जा बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई होगी। मौके पर मंत्री ने कई निर्देश जारी किए, जिनमें सभी घाटों पर अतिरिक्त लाइट, जेनरेटर, बैरिकेडिंग की व्यवस्था सुनिश्चित करने, एनडीआरएफ टीम, गोताखोर, पुलिस बल और निगम कर्मियों की तैनाती करने का निर्देश दिया। साथ ही पेयजल, यातायात, मेडिकल टीम, एम्बुलेंस और कंट्रोल रूम के बीच समन्वय पर जोर दिया।

अतिरिक्त लाइट, जेनरेटर और बैरिकेडिंग की व्यवस्था सुनिश्चित करने का आदेश

- स्वच्छता पर दिया गया है विशेष ध्यान, ताकि श्रद्धालुओं को नहीं हो कोई परेशानी
- घाटों पर कब्जा करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई का दिया निर्देश

ज्यादा गहराई में न जाएं श्रद्धालु, बच्चों को किनारे पर जाने से रोकें

उन्होंने श्रद्धालुओं से अपील की कि वे केवल सुरक्षित गहराई तक ही जल में प्रवेश करें। बच्चों को घाट किनारे जाने से रोकें। मंत्री ने सभी नागरिकों को छठ महापर्व की शुभकामनाएं दीं और राज्यवासियों के सुख-समृद्धि की कामना की। इस दौरान मंत्री के साथ रांची नगर निगम के प्रशासक सुशांत गौरव, पुलिस अधीक्षक (नगर), पुलिस अधीक्षक (यातायात), अपर प्रशासक, एसडीओ (सदर), पुलिस उपाधीक्षक, उप प्रशासक, सहायक प्रशासक सहित जिला प्रशासन और नगर निगम के अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

NEWS BOX

रांची में रोटरी क्लब ने मानव श्रृंखला और पदयात्रा कर पोलियो जागरूकता का दिया संदेश

RANCHI : विश्व पोलियो दिवस के अवसर पर शुक्रवार को अलबर्ट एक्का चौक पर रोटरी क्लब ऑफ रांची तथा शहर के अन्य रोटरी क्लबों एवं रोट्रेक्ट क्लबों के सदस्यों ने जागरूकता अभियान चलाया। सदस्यों ने सामूहिक रूप से हाथों में प्ले कार्ड लेकर मानव श्रृंखला बनाई एवं पदयात्रा निकाली। इस दौरान आमजन में पोलियो दिवस पर जागरूकता फैलाने के लिए नुक्कड़ नाटक भी प्रस्तुत किया गया। यह दिन विश्व स्तर पर पोलियो वैक्सीन के जनक डॉ. जोनास साल्क के जन्मदिवस 24 अक्तूबर के अवसर पर मनाया जाता है। इस अवसर पर रोटरी रांची के अध्यक्ष अमित अग्रवाल ने कहा कि पिछले 12 वर्षों से भारत में पोलियो का एक भी मामला सामने नहीं आया है। यह हमारे लिए गर्व का क्षण है, परंतु साथ ही यह हमारी जिम्मेदारी भी है कि हम सतर्क रहें। उन्होंने बताया कि अफगानिस्तान और पाकिस्तान जैसे देशों में अब भी पोलियो वायरस सक्रिय है, इसलिए हमें अपने बच्चों को पोलियो की खुराक अवश्य पिलानी होगी। जब तक दुनिया के हर कोने से यह समाप्त नहीं हो जाती, हमारी लड़ाई जारी रहनी चाहिए। क्लब की सचिव भावना तनेजा ने कहा कि रोटरी रांची की ओर से पूरे शहर के प्रमुख चौक-चौराहों, प्रतिष्ठानों और सार्वजनिक स्थलों पर दो बूंद ज़िंदगी की के संदेश के साथ जागरूकता बैनर लगाए गए हैं, जिससे कि अधिक से अधिक लोग इस अभियान से जुड़ सकें।

लालखटंगा में प्रस्तावित मुक्ति महोत्सव पर आपत्ति

RANCHI : नामकुम प्रखंड के ग्राम लालखटंगा में आगामी 3 से 5 नवंबर तक प्रस्तावित मुक्ति महोत्सव को लेकर विवाद गहराता जा रहा है। शुक्रवार को गांव के सैकड़ों ग्रामीणों ने उपायुक्त को एक सामूहिक आवेदन सौंपते हुए इस आयोजन पर तत्काल रोक लगाने की मांग की। ग्रामीणों का आरोप है कि इस प्रकार के चंगाई सभा और प्रार्थना महोत्सवों के माध्यम से भोले-भाले आदिवासियों का योजनाबद्ध तरीके से धर्मांतरण कराया जा रहा है। ग्रामसभा ने 19 अक्टूबर को बैठक कर सर्वसम्मति से निर्णय लिया कि इस आयोजन को अनुमति नहीं दी जानी चाहिए। ज्ञापन सौंपने के दौरान गांव के पाहन चरका मुंडा, सरना समिति के अध्यक्ष दीपक मुंडा, प्रकाश मुंडा, राजन मुंडा, सुनील कच्छप, भोला मुंडा, गणेश उरांव, गोसाई मुंडा, बुधवा मुंडा समेत दर्जनों ग्रामीण उपस्थित थे।

टूर्नामेंट के फाइनल में एफसी बंगला टोली टीम विजयी

RANCHI : नामकुम प्रखंड के सोदाग पंचायत अंतर्गत ऐतिहासिक सोहराई जतरा का आयोजन इस वर्ष अत्यंत धूमधाम और सांस्कृतिक गरिमा के साथ संपन्न हुआ। छह दिवसीय उत्सव के अंतिम दिन स्थानीय खेल मैदान में आयोजित फुटबॉल टूर्नामेंट का फाइनल मैच और सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने पूरे क्षेत्र को उत्सवमय बना दिया। फुटबॉल टूर्नामेंट के फाइनल मुकाबले में एफसी बंगला टोली ने लिटिल ब्रदर्स को हराकर विजेता का खिताब अपने नाम किया। मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित खूंटी विधायक रामसूर्य सिंह मुंडा ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर मैच का उद्घाटन किया। जतरा के सांस्कृतिक खंड में पारंपरिक खोडहा नृत्य ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। इसके पश्चात सांस्कृतिक कार्यक्रम का विधिवत उद्घाटन पंचायत के मुखिया श्री पतरस तिर्की ने दीप प्रज्वलन कर किया।

मुख्यमंत्री हेमंत से मिले पंजाब के स्वास्थ्य और आपदा प्रबंधन मंत्री

सिख गुरु तेग बहादुर के 350वें शहीदी दिवस कार्यक्रम में शामिल होने का दिया आमंत्रण

PHOTON NEWS RANCHI : शुक्रवार को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से कांके रोड रांची स्थित मुख्यमंत्री आवासीय कार्यालय में पंजाब के स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री डॉ. बलबीर सिंह और राजस्व, पुनर्वास एवं आपदा प्रबंधन मंत्री हरदीप सिंह मुंडियां ने मुलाकात की। इस अवसर पर मुख्यमंत्री को पंजाब सरकार के दोनों मंत्रियों ने 9वें सिख गुरु तेग बहादुर जी के 350वें शहीदी दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित होने वाले विशेष कार्यक्रम में सम्मिलित होने के लिए आमंत्रित किया। मुख्यमंत्री को उन्होंने अवगत कराया कि यह आयोजन गुरु तेग बहादुर के बलिदान, समर्पण, त्याग, आदर्श एवं जनकल्याण के प्रति उनके संदेश को जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से आयोजित किया जा रहा है। इस आयोजन में देशभर के संत महात्माओं सहित विभिन्न राज्यों के गणमान्य नागरिकों को आमंत्रित किया गया है। मुख्यमंत्री सोरेन ने पंजाब सरकार की ओर से मिले आमंत्रण हेतु दोनों मंत्रियों के प्रति धन्यवाद प्रकट किया। साथ ही आयोजन की सफलता के लिए उन्हें अपनी ओर से हार्दिक शुभकामनाएं प्रेषित की।

डीसी को सौंपी गई जिम्मेदारी, आदेश जारी

22 जिलों के आंदोलनकारियों के लिए गृह विभाग ने 6.30 करोड़ रुपये किए आवंटित

PHOTON NEWS RANCHI : झारखंड सरकार के गृह, कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग ने राज्य के 22 जिलों के आंदोलनकारियों के लिए वित्तीय वर्ष 2025-26 में 6.30 करोड़ रुपये की राशि आवंटित की है। विभाग ने इस संबंध में आदेश जारी कर दिया है। गृह सचिव द्वारा जारी निर्देश में 22 जिलों के जिला उपायुक्तों (डीसी) को जिम्मेदारी सौंपी गई है। संबंधित जिले का डीसी इस राशि की निकासी और व्ययन पदाधिकारी होंगे। राशि की निकासी संबंधित जिला कोषागार से की जाएगी। विभागीय आदेश

के अनुसार, विभिन्न जिलों को अलग-अलग राशि आवंटित की गई है। बोकारो जिले को 47.10 लाख रुपये, चाईबासा को 23.44 लाख रुपये, चतरा को 13.26 लाख रुपये, देवघर को 7.67 लाख रुपये, धनबाद को 56.71 लाख रुपये, दुमका को 46.20 लाख रुपये, गिरिडीह को 34.99 लाख रुपये, गुमला को 13.44 लाख रुपये, हजारीबाग को 73.97 लाख रुपये, जमशेदपुर को 1.38 करोड़ रुपये, जामताड़ा को 18.60 लाख रुपये, लातेहार को 3.21 लाख रुपये, लोहरदगा को 43.85 लाख रुपये, पाकुड़ को 1.87 लाख रुपये, पलामू को 1.47 लाख रुपये, रामगढ़ को 22.16 लाख रुपये, रांची को 61.78 लाख रुपये, साहेबगंज को 1.05 लाख रुपये, सिमडेगा को 9.58 लाख रुपये, खूंटी को 1.26 लाख रुपये और गढ़वा को 21 हजार रुपये की राशि आवंटित की गई है।

पर्व-त्योहार | पूजा सामग्री से लेकर प्रसाद बनाने के सामानों की कीमतों में हुआ इजाफा

महंगाई की मार के बावजूद आस्था पर जरा भी नहीं पड़ा फर्क

PHOTON NEWS RANCHI : यह सही है कि इस साल छठ महापर्व की तैयारी करते हुए लोगों को जेब पर भारी बोझ महसूस हो रहा है। फिर भी लोगों की आस्था पर इसका जरा भी असर नहीं दिख रहा है। बाजार में पूजा सामग्री से लेकर प्रसाद बनाने तक के सामानों की कीमतें आसमान छू रही हैं। सबसे ज्यादा असर गोविंद भोग चावल, नारियल और बांस से बने पारंपरिक सामानों पर पड़ा है। श्रद्धालु बढ़ते दामों की परवाह किए बिना पूरे मनोयोग से छठ माता की पूजा-अर्चना में जुटे हुए हैं। गोविंद भोग चावल, दूध और गुड़ से खरना की खीर बनाई जाती है। इस बार गोविंद भोग चावल के दाम ने सभी रिकॉर्ड तोड़ दिए हैं। पिछले वर्ष जो चावल 80 से 90 रुपये किलो बिक रहा था, वह इस साल 130 से 140 रुपये प्रति किलो तक पहुंच गया है। व्यापारियों का कहना है कि इस बार फसल कम हुई है, जिससे गोविंद भोग चावल की उपलब्धता घटी है और इसका सीधा असर कीमतों पर पड़ा है। इसके अलावा मांग भी पिछले वर्षों की तुलना में ज्यादा बढ़ी है।

चावल, फल, नारियल और बांस की सामग्री के दाम में देखी जा रही अधिक वृद्धि

केला, सेब, संतरा और गन्ने की कीमतों में भी पिछले साल की तुलना में हुई बढ़ोतरी

घी और रिफाइन के दामों में थोड़ी राहत

प्रसाद और खरना की खीर बनाने में प्रयुक्त होने वाले चना दाल और गुड़ के दाम भी इस बार थोड़ा बढ़े हैं। पिछले साल चना दाल 70 से 75 रुपये किलो मिल रहा था, जबकि इस बार इसका भाव 75 से 80 रुपये किलो हो गया है। गुड़ की कीमत 40 से 45 रुपये किलो के बीच पहुंच गई है। हालांकि व्यापारी इसे सामान्य मौसमी वृद्धि बता रहे हैं। जहां एक ओर चावल, फल और नारियल के दाम बढ़े हैं, वहीं शुद्ध घी के दाम में कुछ राहत जरूर मिली है।

प्रति नारियल की कीमत ₹10 बढ़ी

छठ पूजा में नारियल का महत्व सबसे अधिक होता है। यह हर अर्घ्य और प्रसाद में शामिल रहता है। मगर इस बार नारियल की कीमतों में भारी उछाल देखने को मिला है। पिछले साल जहां नारियल 26 से 27 रुपये प्रति पीस थोक में बिकता था, वहीं अब इसकी कीमत 35 से 38 रुपये प्रति पीस तक पहुंच गई है। नारियल विक्रेताओं क्या कहना है कि अब बाजार में कच्चे नारियल की मांग बढ़ने लगी है, क्योंकि लोग नारियल पानी अधिक पी रहे हैं। इसके चलते पकने से पहले ही नारियल की तुड़ाई हो जा रही है। इसी वजह से परिपक्व नारियल की आपूर्ति घट गई है और दाम बढ़ गए हैं।

बांस से बने पारंपरिक सामानों में भी महंगाई

छठ पूजा में इस्तेमाल होने वाले बांस से बने सूप, डालिया और टोकरी की कीमतों में भी भारी वृद्धि हुई है। पिछले साल जो सूप 60 रुपये में मिल रहे थे, वह इस बार 110 रुपये में बिक रहे हैं। डालिया की कीमत 200 रुपये से बढ़कर 300 रुपये हो गई है, जबकि जोड़ा टोकरी 70 से बढ़कर 100 से 110 रुपये में बिक रही है।

बोकारो सिर्फ झांकी, पूरे झारखंड में फैला डीएमएफटी फंड घोटाला : बाबूलाल मरांडी

PHOTON NEWS RANCHI : नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने राज्य में उजागर हो रहे डीएमएफटी फंड घोटाले पर अपनी प्रतिक्रिया दी है। कहा कि मैनें पहले भी कहा था, डीएमएफटी घोटाले में बोकारो सिर्फ एक झांकी है, असल में यह भ्रष्टाचार पूरे झारखंड में फैला हुआ है। अब कोडरमा और धनबाद से भी घोटालों के नए तथ्य सामने आ रहे हैं। आम तौर पर आईएएस अधिकारी एक जिले से दूसरे जिले में अनुभव लेकर जाते हैं, लेकिन इस सरकार में अधिकारी अपने साथ अपने पुराने दलालों और ठेकेदार साझेदारों को भी ले जाते हैं। नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि कोडरमा में डीसी रहते हुए आदित्य रंजन ने डीएमएफटी

फंड से 'स्किल डेवलपमेंट' के नाम पर एमइपीएससी और तितली फाउंडेशन के साथ मिलकर जमकर लूट मचाई। अब जब वे धनबाद के डीसी बने हैं, तो वही खेल दोबारा शुरू हो गया है। एमइपीएससी और तितली फाउंडेशन के साथ सांठगांठ कर डीएमएफटी फंड को फिर से लूटा जा रहा है। इस लूट की स्क्रिप्ट इतनी चालाकी से लिखी गई है कि टेंडर की शर्तों में बदलाव कर मनचाही कंपनियों को फायदा पहुंचाया जा रहा है।

सीएम से आग्रह, हो उच्चस्तरीय जांच

नेता प्रतिपक्ष ने सीएम से आग्रह है किया है कि कोडरमा में वर्ष 2022-24 के दौरान डीएमएफटी फंड के उपयोग की उच्च स्तरीय जांच कराई जाए। साथ ही, आदित्य रंजन और प्रांजल मोदी के बीच के रिश्तों की भी पड़ताल की जाए। धनबाद में डीएमएफटी फंड से जुड़े सभी चल रहे टेंडर प्रक्रियाओं को तत्काल रोककर निष्पक्ष जांच सुनिश्चित की जाए।

समाचार सार

रुंगटा क्रिकेट लीग में गोप एंड सिंह क्लब विजेता

CHAIBASA : धीरज कुमार की घातक गेंदबाजी (24/5) की बदौलत गोप एंड सिंह क्लब बड़ाजामदा ने चक्रधरपुर के लक्ष्मण गिलुआ क्रिकेट

क्लब को एकतरफा मुकाबले में 106 रनों से पराजित कर पूरे चार अंक हासिल किए। चाईबासा के बिरसा मुंडा क्रिकेट स्टेडियम में चल रहे एसआर रुंगटा बी-डिविजन लीग के अंतर्गत शुक्रवार को खेले गए मैच में टॉस लक्ष्मण गिलुआ क्रिकेट क्लब के कप्तान ने जीता तथा विपक्षी टीम को पहले बल्लेबाजी के लिए आमंत्रित किया। उनका यह निर्णय गलत साबित हुआ। गोप एवं सिंह क्लब ने 30 ओवर में 8 विकेट के नुकसान पर 255 रन ठोक डाले। जीत के लिए निर्धारित लक्ष्य का पीछा करने उतरी लक्ष्मण गिलुआ की टीम 24.5 ओवर में 149 रन बनाकर ऑलआउट हो गई। कल नेशनल क्रिकेट क्लब बड़ाजामदा का मुकाबला चाईबासा के फेनेटिक क्लब से होगा।

भागवत कथा महायज्ञ का हुआ भूमिपूजन

CHAIBASA : कार्तिक पूर्णिमा के शुभ अवसर पर 30 अक्टूबर से

चक्रधरपुर के पोड़ाहाट स्टेडियम में श्रीमद भागवत कथा महायज्ञ का आयोजन होगा। इसे लेकर शुक्रवार को भूमिपूजन किया गया। श्रीमद्भागवत कथा महायज्ञ सप्ताह आयोजन समिति, चक्रधरपुर द्वारा आयोजन स्थल मारवाड़ी प्लस टू स्कूल के समीप स्थित स्टेडियम में भव्य पंडाल का निर्माण किया जाएगा। 5 नवंबर तक होने वाले महायज्ञ की शुरूआत कलश यात्रा से होगी, जिसमें शामिल होने के लिए महिलाओं को 40 रुपये का कूपन दिया जाएगा। 30 अक्टूबर की सुबह 8.30 बजे चक्रधरपुर के मुक्तिनाथ घाट से 1008 महिलाएं-युवतियां कलश यात्रा निकालेंगी। भूमिपूजन के दौरान आयोजन समिति के अध्यक्ष प्रो. नागेश्वर प्रधान, सचिव जयकुमार सिंहदेव, सत्य प्रकाश कर, डॉ. शिवपूजन सिंह, कामाख्या प्रसाद साहु, भवानी शंकर मिश्रा, प्रदीप्त कुमार दाश, सरोज कुमार प्रधान आदि सदस्य भी उपस्थित थे। इसमें प्रख्यात कथावाचक पं. जीतूं दाश महाराज व्याख्यान देंगे।

टेल्को के काली पूजा पंडाल में लगा रक्तदान शिविर

JAMSHEDPUR : टेल्को कॉलोनी के क्रॉस रोड-9 स्थित यंग ब्वॉयज

क्लब द्वारा आयोजित 22 फीट मां काली पूजा की स्वर्ण जयंती पर शुक्रवार को रक्तदान शिविर लगाया गया, जिसमें 101 यूनिट रक्त संग्रह किया गया। समिति के अध्यक्ष पप्पू मिश्रा ने बताया कि सामाजिक सरोकार के इस पहल के साथ पूजा समिति ने मां काली के चरणों में मानवता का संदेश दिया है। उन्होंने बताया कि शनिवार को छठ के अवसर पर लौकी और चावल का प्रसाद वितरित किया जाएगा। समिति 28 अक्टूबर तक प्रतिदिन विविध भोग-प्रसाद वितरण करेगी। इस आयोजन में प्रदीप राजवार, अरुण नाथ, नितिन, रजीत सिंह, विशाल सिंह, नरेंद्र चौधरी, यशराज, मंजीत, रूपेश, सोनाक्षी, मून, गोल्डन, लोकेश प्रसाद, नवीन सोलंकी, टीपू मिश्रा, धीरज मिश्रा, नंदू सरदार, डब्बू, रवि, सुमित जैसवाल आदि सदस्य सक्रिय रहे।

चित्रगुप्त पूजा कमेटियों ने निकाला सामूहिक विसर्जन जुलूस

JAMSHEDPUR : अखिल भारतीय कायस्थ महासभा, जमशेदपुर के बैनर तले शुक्रवार को जमशेदपुर की 18 शाखाओं ने सामूहिक विसर्जन

जुलूस निकाला। इसकी शुरूआत दोपहर 3 बजे साकची थाना के पास हुई, जहां से चार बजे जुलूस के रूप में प्रस्थान किया गया। प्रतिमाओं का विसर्जन साकची के गांधी घाट पर किया गया। इसका नेतृत्व अखिल भारतीय कायस्थ महासभा जमशेदपुर के अध्यक्ष डॉ. मनोज कुमार सिन्हा ने किया। जुलूस में सोनारी, कदमा, बागबेड़ा, मानगो, गोलमुरी, गोविंदपुर, बारीडीह, टेल्को, एग्रिको आदि की कमेटियां शामिल हुईं। जुलूस धूमधाम से साकची कोर्ट होते हुए गांधी घाट की ओर गए। वहां सभी कमेटियों ने अपनी-अपनी प्रतिमा स्वर्णरेखा नदी में विसर्जित की। इस विसर्जन जुलूस में पंकज सिन्हा, एके श्रीवास्तव, अजय श्रीवास्तव, श्याम बिहारी लाल, संजीव सिन्हा, संजीव श्रीवास्तव, आलोक कुमार सिन्हा, संजय वर्मा, ताराचंद श्रीवास्तव, प्रमोद लाल, सुबोध श्रीवास्तव, अजीत अंबष्ट, कल्याणी शरण, मंजू सिन्हा, रचना श्रीवास्तव, प्रीति सिन्हा, अतुल चंद्र, बसंत श्रीवास्तव, शुभम सिंह, विजय माथुर, गायत्री दास, रमेश श्रीवास्तव, नरेंद्र कुमार प्रसाद, राकेश कुमार, रजनीकांत प्रसाद, संतोष कुमार आदि भी शामिल थे।

साकची गुरुद्वारा में 5 नवंबर से कीर्तन दरबार

JAMSHEDPUR : खालसा पंथ के संस्थापक श्री गुरु नानक देव जी के 556वें प्रकाशोत्सव के पावन उपलक्ष्य में साकची गुरुद्वारा साहिब में 5 से 7 नवंबर तक तीन दिवसीय भव्य कीर्तन दरबार का आयोजन किया जाएगा। इस दौरान पूरा गुरुद्वारा परिसर श्रद्धा, भक्ति और सेवा के रंग में सराबोर रहेगा। गुरुद्वारा प्रबंधक कमिटी, साकची के प्रधान सरदार निशान सिंह ने शुक्रवार को पूर्व महसचिव परमजीत सिंह काले, सतपाल सिंह राजू, अजायब सिंह, प्रितपाल सिंह सहित अन्य पदाधिकारियों की उपस्थिति में तीन दिवसीय कीर्तन दरबार के पोस्टर का विमोचन किया।

चोरों ने कई गैरेज के ताले तोड़कर की बाइक की चोरी, जमकर मचाया उत्पात

सिदगोड़ा क्षेत्र के ट्यूब बारीडीह की घटना

PHOTON NEWS JSR : सिदगोड़ा थाना क्षेत्र के ट्यूब बारीडीह स्थित एम टाइप फ्लैट परिसर में गुरुवार की देर रात चोरों ने जमकर उत्पात मचाया। चोरों ने एक साथ कई गैरेजों के ताले तोड़ डाले और एक बाइक चोरी कर ली। वहीं आधा दर्जन से अधिक बाइकों में तोड़फोड़ कर उन्हें क्षतिग्रस्त कर दिया। घटना के बाद क्षेत्र में दहशत का माहौल है। यह सारी घटनाएं सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है। स्थानीय निवासियों के अनुसार, शुक्रवार की सुबह जब लोग अपने गैरेज खोलने पहुंचे तो उन्हें चोरी और तोड़फोड़ की जानकारी मिली। एक गैरेज से बाइक गायब थी, जबकि आसपास खड़ी कई बाइकों की हैंडल, सीट और शीशे टूटे पाए गए। चोरों ने कुछ गैरेजों में रखे उपकरण और बाइक के पार्ट्स भी

सीसीटीवी फुटेज में दिख रहे चोर

उखाड़ लिए। सूचना मिलते ही सिदगोड़ा थाना पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। पुलिस ने आसपास के लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालनी शुरू कर दी है। प्रारंभिक जांच में पता चला है कि दो चोर आधी रात के बाद फ्लैट परिसर में दाखिल हुए थे और उन्होंने वारदात को बेहद योजनाबद्ध तरीके से अंजाम दिया। स्थानीय लोगों ने बताया कि बीते कुछ दिनों से इलाके में संदिग्ध व्यक्तियों की आवाजाही देखी जा रही थी, लेकिन किसी ने इस पर ध्यान नहीं दिया। अब लगातार चोरी की घटनाओं से लोगों में पुलिस गश्त बढ़ाने की मांग उठी है। फिलहाल पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है और सीसीटीवी फुटेज के आधार पर उनकी पहचान में जुट गई है।

घर से जेवर और नकद लेकर चोर फरार, जांच में जुटी पुलिस

JAMSHEDPUR : परसुडीह थाना क्षेत्र के मखदुमपुर रोड नंबर 2 स्थित रेलवे लाइन किनारे रहने वाले मोहम्मद हलिम खान उर्फ राजू के घर में गुरुवार की रात चोरों ने चोरी की बड़ी वारदात को अंजाम दिया। देर रात चोर खिड़की के रास्ते घर के अंदर घुस आए और अलमारी में रखे बक्से को तोड़कर उसमें रखे कीमती सामान पर हाथ साफ कर दिया। चोरों ने बक्से में रखे सोने-चांदी के जेवर और करीब चार हजार रुपये नगद चोरी कर लिए। शुक्रवार सुबह जब घर के मालिक मोहम्मद राजू नींद से उठे तो उन्होंने देखा कि घर का सामान बिखरा हुआ है। खोजबीन के दौरान घर के सामने रेलवे लाइन किनारे टूटी हुई पेटी पड़ी मिली। पेटी खोलकर देखने पर उनके होश उड़ गए, क्योंकि उसमें रखे सभी जेवर और नकदी गायब थे। घटना की जानकारी मिलते ही पूरे इलाके में सनसनी फैल गई। मोहम्मद राजू ने बताया कि पेटी में रखे गहने और पैसे उनकी कई सालों की मेहनत की कमाई थी, जिन्हें उन्होंने सुरक्षित घर में रखा था। इस घटना से पूरा परिवार गहरे सदमे में है। वहीं, चोरी की इस वारदात से आसपास के लोगों में भय और आक्रोश का माहौल है। लोगों ने रात में पुलिस गश्त बढ़ाने की मांग की है ताकि इस तरह की घटनाओं पर रोक लगाई जा सके। घटना की सूचना मिलते ही परसुडीह थाना पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी है। हालांकि अभी तक चोरों का कोई सुराग नहीं मिल पाया है। पुलिस इलाके में सीसीटीवी फुटेज खंगालने के साथ संदिग्धों से पूछताछ कर रही है।

बारीडीह में लूट का प्रयास मामले में एक आरोपी धराया

पीड़ित दुकानदार

JAMSHEDPUR : सिदगोड़ा थाना स्थित बारीडीह बाजार में गुरुवार रात लूट के प्रयास में एक व्यक्ति को स्थानीय लोगों ने दबोच लिया और पिटाई कर पुलिस के हवाले कर दिया। बताया गया कि अशोक स्टोर में एक युवक ग्राहक बनकर आया। उसने पहले 2 किलो चीनी और फिर 5 किलो चावल मांगा। जैसे ही दुकानदार चावल लेने गया, युवक ने गल्ला से लगभग छह हजार निकालकर बाहर रख लिया। रिफाइंड तेल की एक पेटी उठाई और भागने लगा। दुकानदार ने चोर कहकर चिल्लाया तो आसपास के लोग आरोपित को पकड़ लिया। इस दौरान चोर के साथी की गाड़ी स्टार्ट थी, लेकिन हड़बड़ी में तेल की पेटी सड़क पर गिर गई और एक युवक पास की महतो दुकान में घुस गया। स्थानीय लोगों ने उसे पकड़कर पुलिस को सौंप दिया। दुकानदार अशोक मंडल ने बताया कि चार लोग नशे की हालत में चोरी की योजना बनाकर आए थे। दो लोग अलग-अलग गाड़ियों में खड़े थे, जबकि दो युवक दुकान के पास पहुंचे। घबराहट में आरोपित गाड़ी छोड़कर भाग गए। पुलिस ने एक आरोपित को गिरफ्तार किया है और बाकी आरोपितों की तलाश जारी है।

हथियार के साथ चार अपराधी गिरफ्तार

गोविंदपुर थाना क्षेत्र से दबोचे गए बदमाश, सभी का आपराधिक रिकॉर्ड

PHOTON NEWS JSR : गोविंदपुर थाना क्षेत्र में पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए अपराध की योजना बना रहे चार बदमाशों को हथियार और गोली के साथ गिरफ्तार किया है। मामले का खुलासा सिटी एसपी कुमार शिवाशीष ने शुक्रवार को पुलिस कार्यालय में आयोजित प्रेस वार्ता के दौरान किया।

उन्होंने बताया कि सभी आरोपितों का पूर्व में भी आपराधिक इतिहास रहा है। पूछताछ में यह भी सामने आया कि गिरफ्तार अपराधियों के पास जो हथियार मिले हैं, उन्हें अमरनाथ गैंग के सौरभ शर्मा ने छिपाकर रखने के लिए दिया था। गिरफ्तार युवकों की पहचान बिरसानगर के प्रकाशनगर निवासी रोहित लोह उर्फ गॉड

पत्रकारों को मामले की जानकारी देते सिटी एसपी कुमार शिवाशीष

बाबा, गोविंदपुर घोड़ाबांधा निवासी गौरव गोस्वामी, परसुडीह हलुदबनी शिव मंदिर रोड निवासी सन्नी सिंह उर्फ श्रेष्ठ सिंह और गोविंदपुर जनता फ्लैट निवासी हिमांशु कुमार के रूप में हुई है।

पुलिस के अनुसार, एसएसपी को गुप्त सूचना मिली थी कि गोविंदपुर के नया रोड स्थित एक स्थान पर कुछ युवक किसी बड़ी वारदात की योजना बना रहे हैं। सूचना के आधार पर डीएसपी के नेतृत्व में विशेष टीम गठित की गई और छापेमारी की गई। पुलिस को देखते ही बदमाश भागने लगे, लेकिन टीम ने घेराबंदी कर चार को मौके पर ही दबोच लिया।

पुलिस ने गिरफ्तार युवकों के पास से एक देशी पिस्तौल, 7.65 एमएम की एक गोली, 8 एमएम की एक गोली और एक खोखा बरामद किया है।

अभियान में सिटी डीएसपी सुनील चौधरी, गोविंदपुर थाना प्रभारी पवन कुमार, एसआई चंद्रशेखर पिंगुआ, सर्वजीत कुमार और एएसआई रविशंकर कुमार सहित अन्य पुलिसकर्मी शामिल थे।

ट्रेन की चपेट में आकर युवक-युवती की मौत

GHATSILA : धालभूमगढ़ थाना क्षेत्र के कोकपाड़ा व धालभूमगढ़ स्टेशन के बीच शुक्रवार की सुबह सांतरागाछी-रानी कमलापति एक्सप्रेस से कटकर एक युवक व एक युवती की तत्काल मौत हो गई। किमी संख्या 199/15-17 पर रेलवे ट्रैक के अंदर दोनों का क्षत-बिक्षत शव पड़ा था। उक्त ट्रेन के चालक ने इस घटना की सूचना स्टेशन मास्टर को दी। इस कारण ट्रेन संख्या 22170 को किमी संख्या 200/15-17 पर 00.36 से 00.46 तक रोका गया। इस संबंध में धालभूमगढ़ के स्टेशन मास्टर ने इसकी जानकारी आरपीएफ को दी गई. सूचना पर पहुंचे आरपीएफ जवान व पदाधिकारी ने शव का पंचनामा कर पोस्टमॉर्टम के लिए घाटशिला अनुमंडल अस्पताल भेज दिया। बताया जाता है कि मृत

पटरी पर पड़ा शव

महिला की पहचान मुसाबनी थाना क्षेत्र के सड़कघुटू गांव की रहने वाली जोबा रानी किस्कू (29) व मृत युवक की पहचान धालभूमगढ़ थाना क्षेत्र के बडेडा गांव निवासी मंगल हांसदा (34) के रूप में हुई है। संदेह व्यक्त किया जा रहा है कि दोनों के बीच प्रेम प्रसंग का मामला होगा। महिला पहले से शादीशुदा थी।

छठ महापर्व पर ट्रैफिक में बदलाव, कल से 28 तक लागू रहेगी नई यातायात व्यवस्था

बसों को छोड़कर सभी तरह के भारी वाहनों पर रहेगा प्रतिबंध

PHOTON NEWS JSR : छठ महापर्व को देखते हुए शहर में बढ़ने वाली भीड़ और संभावित जाम की स्थिति से निपटने के लिए ट्रैफिक विभाग ने विशेष यातायात योजना शुक्रवार को जारी की है। यह आदेश ट्रैफिक डीएसपी, एसएसपी और उपायुक्त के संयुक्त हस्ताक्षर से जारी किया गया है। निर्धारित अवधि में भारी और मालवाहक वाहनों के परिचालन पर रोक या सीमित अनुमति दी गई है, ताकि श्रद्धालु सुरक्षित और सुगमता से घाटों तक पहुंच सकें। नई व्यवस्था के अनुसार, 26 अक्टूबर को सुबह छह बजे से नौ बजे तक सभी प्रकार के भारी वाहनों का परिचालन दोनों दिशाओं में

सामान्य रहेगा। इसके बाद सुबह नौ बजे से रात 11 बजे तक बसों को छोड़कर अन्य सभी मालवाहक वाहनों के आवागमन पर प्रतिबंध रहेगा। 27 अक्टूबर को सुबह छह बजे से सात बजे तक मालवाहक वाहनों को शहर में चलने की अनुमति होगी, लेकिन सुबह 7 बजे से 28 अक्टूबर दोपहर तीन बजे तक सभी भारी वाहनों की आवाजाही पर पूरी तरह रोक रहेगी। वहीं, 28 अक्टूबर को दोपहर तीन बजे से शाम 5 बजे तक केवल शहर से बाहर निकलने वाले भारी वाहनों को चलने की इजाजत दी जाएगी। ट्रैफिक पुलिस ने शहरवासियों और वाहन चालकों से अपील की है कि वे निर्धारित समय और मार्गों का सख्ती से पालन करें, ताकि छठ पर्व के दौरान यातायात व्यवस्था सुचारू बनी रहे और किसी भी प्रकार की असुविधा से बचा जा सके।

महिला की मौत मामले में हिरासत में लिया गया होटल का मालिक

PHOTON NEWS GHATSILA : घाटशिला थाना क्षेत्र के पर्यटन स्थल बुरूडीह डैम के पास गुरुवार की शाम एक महिला का शव संदिग्ध परिस्थिति में मिला था। इस मामले में पुलिस ने बुरुडीह होटल मालिक को हिरासत में लिया है। शुक्रवार को दोपहर में मृतक के चाचा परमेश्वर सिंह ने जानकारी दी कि मृतक 30 वर्षीया विधवा पद्दो सिंह, बासाडेरा की निवासी थी और बुरूडीह के होटल में काम करती थी। उस होटल का मालिक हीरागंज निवासी रंजीत भुइयां है। बताया जा रहा है कि रंजीत भुइयां बुधवार की शाम करीब सात बजे महिला को घर से अपने साथ लेकर गया था। इसके बाद वह घर नहीं लौटी। परमेश्वर ने बताया कि पद्दो के पति का निधन लगभग 6 वर्ष पहले हो गया था। उसके दो बच्चे भी हैं। पति

घाटशिला के पोस्टमॉर्टम हाउस में मृतक के परिजन व अन्य ● फोटोन न्यूज

के निधन के बाद से ही वह बुरुडीह डैम स्थित रंजीत भुइंया के होटल में काम कर रही थी। इसके कारण कभी-कभार घर आती थी। उसका बच्चा भी हमारे पास ही रहता था। उन्होंने बताया कि रंजीत के साथ उसका प्रेम संबंध भी था। उसकी मौत कैसे हुई है, यह रंजीत भुइंया नहीं बता रहा है। पूछने पर बताया कि डैम पहुंचने से पहले वह बोली कि उसे शौच जाना है। वह शौच करने जंगल में चली गई। बाइक का पेट्रोल खत्म हो गया था, तो मैं बगल के गांव से तेल लाने गया था। लौटा तो देखा कि वह वहां नहीं थी। मैं भी वहां से अपने होटल आ गया। परमेश्वर ने बताया कि गांव वालों की मदद से उसे पकड़कर रात भर रखा गया था। शुक्रवार को रंजीत भुइंया को पुलिस के हवाले कर दिया गया। पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट आने के बाद ही पुलिस जांच करेगी।

घाटशिला विस उपचुनाव निर्भीक होकर अपने मताधिकार का करें प्रयोग, युवा मतदाता बढ़-चढ़कर मतदान प्रक्रिया में हों शामिल : जिला निर्वाचन पदाधिकारी

एक अभ्यर्थी ने वापस लिया नामांकन, मैदान में बच गए 13 उम्मीदवार

PHOTON NEWS JSR : घाटशिला विधानसभा उपचुनाव को लेकर जिला निर्वाचन पदाधिकारी कर्ण सत्यार्थी ने शुक्रवार को समाहरणालय सभागार में प्रेस प्रतिनिधियों को बताया कि नाम वापसी के अंतिम दिन शुक्रवार को निर्दलीय प्रत्याशी विक्रम किस्कू ने अपना नामांकन वापस ले लिया, अब 13 अभ्यर्थी चुनावी मैदान में होंगे। निवार्ची पदाधिकारी द्वारा अब सभी 13 अभ्यर्थियों को सिंबल आवंटित किया जाएगा।

विदित हो कि 11 नवंबर को होने वाले उपचुनाव में कुल 17 अभ्यर्थियों (पुरूष-15, महिला-02) ने नाम निर्देशित किया था, नामांकन संवीक्षा के बाद 3 नामांकन अस्वीकृत किए गए थे। अब 13 उम्मीदवारों में 12 पुरुष व

प्रेसवार्ता को संबोधित करते जिला निर्वाचन पदाधिकारी कर्ण सत्यार्थी

1 महिला अभ्यर्थी चुनावी मैदान में हैं। जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने बताया कि सुगम, स्वतंत्र, निष्पक्ष, पारदर्शी एवं भयमुक्त वातावरण में निर्वाचन प्रक्रिया के सफल संपादन हेतु सभी प्रशासनिक तैयारियों को पूर्ण कर लिया गया है। मतदाता सूची का विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण उपरांत कुल 2,56,352 मतदाता घाटशिला उपचुनाव में अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। होम वोटिंग वाले मतदाता एवं मतदान केंद्रों तक नहीं पहुंच पाने वाले मतदाताओं की चिह्नितीकरण प्रक्रिया में है। स्वीप कार्यक्रम के अंतर्गत मतदाताओं को शिक्षित एवं प्रेरित करते हुए मतदान प्रतिशत को बढ़ाने के लिए विभिन्न गतिविधियां संचालित की जा रही हैं। उन्होंने सभी मतदाताओं से अपील की है कि निर्भीक होकर अपने मताधिकार का प्रयोग करें, विशेषकर युवा मतदाता भी स्वयं मतदान करने बूथों तक आएं एवं अपने परिजनों को भी मतदान के लिए प्रेरित करें।

जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने बताया कि सभी मतदान केन्द्रों पर एश्योर्ड मिनिमम फैसिलिटी सुनिश्चित किया गया है। उपचुनाव में होम वोटिंग की सुविधा रहेगी। वैसे दिव्यांग एवं वरिष्ठ मतदाता जो मतदान के लिए मतदान केंद्र जाना चाहते हैं, उनके आवागमन के लिए वाहन, व्हीलचेयर, रैंप, वॉलंटियर की व्यवस्था रहेगी। सोशल मीडिया एवं अन्य मीडिया माध्यमों पर भी कड़ी निगरानी रखते हुए आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन के मामलों पर विशेष ध्यान रखा जा रहा है।

अब तक बरामद की गई 2.37 करोड़ की सामग्री

जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने कहा कि उपचुनाव के मद्देनजर पूर्वी सिंहभूम जिला में आदर्श आचार संहिता के अलावा सभी तरह की एसओपी का अनुपालन किया जा रहा है। सभी अंतरराज्यीय एवं अंतरजिला चेकनाका की निगरानी सख्ती से की जा रही है, ताकि अवैध मादक पदार्थ, संदिग्ध पैसों का परिवहन, शराब, उपहार, असामाजिक तत्वों पर कड़ाई से निगरानी एवं कार्रवाई की जा सके। अबतक की कार्रवाई में विभिन्न एजेंसियों द्वारा 2,37,73,008 रुपये मूल्य की सामग्री (नकद सहित) जब्त किए गए हैं।

चुनावी मैदान के उम्मीदवार

बाबूलाल सोरेन (भाजपा), सोमेश चंद्र सोरेन (झामुमो), पार्वती हांसदा (पीपुल्स पार्टी ऑफ इंडिया, डेमोक्रेटिक), पंचानन सोरेन (भारत आदिवासी पार्टी), रामदास मुर्मू (जेएलकेएम) और के अलावा निर्दलीय उम्मीदवारों में परमेश्वर टुडू, श्रीलाल किस्कू, मनसा राम हांसदा, नारायण सिंह, विकास हेम्ब्रम, बसंत कुमार टोपनो, मनोज कुमार सिंह व रामकृष्ण कांति माहली शामिल हैं।

मरांडी ने राजस्टेट में आम लोगों से की मुलाकात

GHATSILA : घाटशिला विधानसभा क्षेत्र में उपचुनाव की तिथि जैसे-जैसे नजदीक आ रही है, वैसे-वैसे भाजपा व झामुमो के नेताओं का प्रचार अभियान तेज होता जा रहा है। इसी क्रम में शुक्रवार को शाम लगभग 6 बजे भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी घाटशिला पहुंचे, जहां उन्होंने राजस्टेट में आम लोगों से भी मुलाकात की। इस दौरान भाजपा के मंडल अध्यक्ष कौशिक कुमार के आवास पर स्थानीय लोगों के साथ चाय पर चर्चा की। मरांडी ने कहा कि यह उपचुनाव बदलाव का चुनाव है। झारखंड को बचाने के लिए भाजपा को समर्थन देना होगा, ताकि झारखंड की भ्रष्ट सरकार को जनता सबक सिखा सके। राज्य में भ्रष्टाचार चरम पर है। पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने राजस्टेट व चालकडीह सहित अन्य क्षेत्रों का दौरा कर लोगों से संपर्क किया। इस मौके पर राज्य के पूर्व मंत्री भानु प्रताप शाही, दिनेश साव, वीरेंद्र प्रसाद, साकेत अग्रवाल सहित अन्य भाजपा नेता-कार्यकर्ता उपस्थित थे।

सोमेश चंद्र सोरेन को मिल रहा पूर्ण समर्थन : दीपक

GHATSILA : महागठबंधन के विभिन्न दलों के नेताओं के साथ शुक्रवार को राज्य सरकार के मंत्री दीपक बिरुवा ने शुक्रवार को प्रेसवार्ता में कहा कि महागठबंधन एकजुट है। झामुमो के प्रत्याशी सोमन चंद्र सोरेन को भारी मतों से विजयी बनाएंगे। मंत्री ने कहा कि 30 अक्टूबर को चुनावी कार्यालय का उद्घाटन करने के बाद सभी घटक दलों के साथ चुनाव प्रचार शुरू किया जाएगा, जिसमें कांग्रेस व राजद के नेता भी रहेंगे। उन्होंने कहा कि महागठबंधन का प्रत्याशी शिक्षित और मृदुभाषी है. जबकि भाजपा का प्रत्याशी कड़ी सुरक्षा मिलने के बाद भी दो-दो पिस्तौल लेकर घूम रहा है। ऐसे प्रत्याशी को घाटशिला की जनता कैसे चुन सकती है। प्रेस वार्ता में झामुमो के केंद्रीय प्रवक्ता कुणाल षाड़ंगी ने पूर्व मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन पर तीखा प्रहार किया। इस मौके पर सीपीआई के भुवनेश्वर तिवारी, बीएन सिंहदेव, कांग्रेस के सनत काल्टु चक्रवर्ती, सत्यजीत सीट आदि भी उपस्थित थे।

दिवाली के ठीक छह दिन बाद मनाए जाने वाले छठ महापर्व का हिंदू धर्म में विशेष स्थान है। कार्तिक मास की शुक्ल पक्ष की षष्ठी को सूर्य षष्ठी का व्रत करने का विधान है। प्राचीन काल में इसे बिहार और उत्तर प्रदेश में ही मनाया जाता था। लेकिन आज इस प्रान्त के लोग विश्व में जहाँ भी रहते हैं वहाँ इस पर्व को उसी श्रद्धा और भक्ति से मनाते हैं। यह व्रत बडे नियम तथा निष्ठा से किया जाता है। इसमे तीन दिन के कठोर उपवास का विधान है । इस व्रत को करने वाली स्त्रियों को पंचमी को एक बार नमक रहित भोजन करना पडता है। षष्ठी को निर्जल रहकर व्रत करना पडता है । षष्ठी को अस्त होते हुए सूर्य को विधिपूर्वक पूजा करके अर्घ्य देते हैं। सप्तमी के दिन प्रातःकाल नदी या तालाब पर जाकर स्नान करती हैं। सूर्योदय होते ही अर्घ्य देकर जल ग्रहण करके व्रत को खोलती हैं।

सूर्योपासना का पर्व है छठ पूजा

कार्तिक मास की शुक्ल पक्ष की षष्ठी तिथि पर भारत वर्ष में छठ पूजा का पर्व बड़ी धूमधाम से मनाया जाता है। इस दिन सूर्योपासना का विशेष महत्व है, लेकिन इसे छठ पूजा के नाम से ही जाना जाता है। ऐसी मान्यता है कि छठी मैया को प्रसन्न करने के लिए महिलाएं छठ गीतों और भजनों के साथ प्रार्थना करती हैं और संतान सुख की प्राप्ति करती हैं। छठ मैया की आराधना करने से श्रद्धालुओं को निरोग रहने का आशीर्वाद भी प्राप्त होता है।

सभी सुखों और सुविधाओं को प्रदान करने वाले सूर्य देव के कारण ही धरती पर जीवन संभव है और संतति प्रदाता और जीवनदाता सूर्य देव को रिझाने के लिए छठ पूजा को मान्यता मिली हुई है।

'देवी भागवत पुराण' में उल्लेखित एक कथा के अनुसार राजा प्रियव्रत को विवाह के कई वर्ष बीतने के बाद भी संतान सुख प्राप्त नहीं हुआ था। संतान प्राप्त करने के लिए उन्होंने सूर्योपासना की। सूर्योपासना से राजा के घर पुत्र का जन्म तो हुआ, लेकिन कुछ देर बाद ही उसकी मृत्यु हो गई। इससे राजा और उनका पूरा परिवार शोकाकुल हो गया। जब राजा अपने नवजात पुत्र को लेकर श्मशान पहुंचे तो अपने ही हाथों से अपने पुत्र की अंतिम क्रिया करने की विवशता के कारण अत्यंत भावुक हो गए और जीवन के प्रति उनका मोहभंग हो गया।

दुखी राजा जब अपनी देह त्यागने का विचार कर ही रहे थे, उसी दौरान उनके समक्ष एक देवी प्रकट हुईं। राजा ने देवी की आराधना की और अपने बालक को जीवीत करने की प्रार्थना की। राजा प्रियव्रत की भक्ति और पूजा से प्रसन्न होकर देवी माता ने सूर्य देव की कृपा से राजा के पुत्र को पुनर्जीवित कर दिया। राजा ने कहा कि वे ब्रह्माजी की मानस पुत्री देवसेना हैं और कुमार कार्तिकेय उनके पति हैं। मूल प्रकृति के छठवें अंश से उत्पन्न होने के कारण उन्हें षष्ठी माता के नाम से भी संबोधित किया जाता है।

देवी माता ने राजा के पुत्र को जिस तिथि पर पुनर्जीवित किया था वह कार्तिक शुक्ल पक्ष की षष्ठी की तिथि ही थी। देवी मां ने राजा से कहा कि तुम मेरी पूजा करो और अपनी प्रजा से भी मेरी उपासना करने को कहो। इसके बाद राजा प्रियव्रत ने विधिवत और नियमित रूप से माता की पूजा आरंभ कर दी और इस दिन को छठ पर्व के रूप में सभी के साथ मिलकर मनाने लगे। चूंकि, सूर्यदेव की कृपा से माता ने राजा के पुत्र को पुनर्जीवन प्रदान किया, इसलिए इस दिन सूर्य भगवान को अर्घ्य देकर उनकी भी छठी माता के साथ पूजा किए जाने की परंपरा है। एक अन्य कथा के अनुसार शिव-पार्वती के ज्येष्ठ पुत्र कार्तिकेय का जन्म होने के बाद उन्हें असुरों से सुरक्षित रखने के लिए अग्निदेव ने कुमार कार्तिकेय को गंगा की गोद में रख दिया था। गंगा मैया ने कार्तिकेय को सरकंडे के वन में रख दिया। इस वन में छह कृतिकाएं निवास करती थीं। कृतिकाएं कुमार कार्तिकेय को पाकर काफी प्रसन्न हो गईं और कार्तिकेय को पुत्र मानकर उसका लालन-पालन करने लगीं। ऐसी मान्यता है कि ये छह कृतिकाएं ही कालांतर में छठी माता के रूप में पुजन लगी। ऐसा कहा जाता है कि जब तक छोटे बच्चे अपने पैरों के अंगूठों को मुंह में नहीं डालते तब तक छठी माता बच्चों के साथ रहती हैं और खेल-खेल में कभी उन्हें हंसाती हैं और कभी रुलाती हैं।

सूर्य षष्ठी व्रत पूजा

सूर्य षष्ठी व्रत भगवान सूर्य की उपासना का पर्व है. इस पर्व का आयोजन कार्तिक माह के आरंभ के साथ ही शुरू हो जाता है इस पर्व के उपलक्ष में भगवान सूर्य की पूजा का विशेष महत्व होता है. सूर्य षष्ठी व्रत में भगवान सूर्य की पूजा उपासना की जाती है इस दिन व्रती अपने सभी कार्यों को पूर्ण कर भगवान आदित्य का पूजन करता है. उन्हें जल द्वरा अर्घ्य दिया जाता है. पूजा की विधी में फल, विभिन्न प्रकार के पकवान एवं मिष्ठान को शामिल किया जाता है इस दिन सूर्य की किरणों को अवश्य ग्रहण करना चाहिए. पूजन तथा अर्घ्य देने के समय सूर्य की किरणें अवश्य देखनी चाहिए.

सूर्य षष्ठी व्रत महत्व

सूर्य षष्ठी पर्व के अवसर पर परिवार के सभी सदस्य स्वच्छता का विशेष ध्यान रखते हैं. सूर्य षष्ठी पर्व के दिन पूजा का सामान तैयार किया जाता है जिसमें सभी प्रकार के फल, केले की पूरी गौर, नारियल, मूली, सुथनी, अखरोट, बादाम इत्यादि को रखा जाता है. इस व्रत का बहुत महत्व रहा है इसे करने से घर में धन धान्य की वृद्धि होती है. तथा परिवार में सुख समृद्धि का आगमन होता है. इस व्रत को करने से चर्म तथा नेत्र रोगों से मुक्ति मिलती है.

सूर्योपासना का यह पर्व अत्यंत प्राचीन है। महाभारत काल में माता कुंती ने सूर्योपासना के द्वारा अत्यंत तेजस्वी पुत्र कर्ण की प्राप्ति की थी। इससे भी पूर्व इस व्रत को च्यवन मुनि की पत्नी सुकन्या ने अपने जराजीर्ण पति के लिए किया था। स्कन्द पुराण के अनुसार राजा शर्याति की प्रिय कन्या सुकन्या अपने पिता के साथ सैनिकों सहित वन में गई और वहां अपनी सखियों सहित उपवन में क्रीड़ा करते हुए वहां तपस्यारत च्यवन मुनि के दोनों नेत्रों को फोड़ दिया। जिसके फलस्वरूप राजा शर्याति व उनके सैनिकों पर भारी विपत्ति आई। अस्वस्थ हो सभी मरणासन्न की स्थिति को प्राप्त होने लगे। च्यवन मुनि से क्षमा याचना कर उनका अभिप्राय जानकर राजा ने अपनी पुत्री सुकन्या का विवाह उनसे कर दिया। अंधे, अस्वस्थ अपने पति को प्राप्त कर वह अश्विनी कुमारों का आवाहन कीं और उनकी प्रेरणा से 12 वर्ष तक सूर्य षष्ठी व्रत का पालन कीं। इस व्रत के प्रभाव से च्यवन मुनि को नेत्र ज्योति प्राप्त हुई और वे वृद्धावस्था से युवावस्था को प्राप्त हो गए। मान्यता है कि भगवान राम ने अपने राज्याभिषेक के उपरान्त माता सीता सहित इस व्रत को किया था। यदि कोई इस व्रत को नियमपूर्वक 12 वर्ष तक करता है तो वह सौभाग्यशाली हो जाता है।

उदीयमान सूर्य को अर्घ्य के साथ करें छठ पूजा

भगवान सूर्य जिन्हें आदित्य भी कहा जाता है वास्तव एक मात्र प्रत्यक्ष देवता हैं. इनकी रोशनी से ही प्रकृति में जीवन चक्र चलता है. इनकी किरणों से ही धरती में प्राण का संचार होता है और फल, फूल, अनाज, अंड और शुक्र का निर्माण होता है. यही वर्षा का आकर्षण करते हैं और ऋतु चक्र को चलाते हैं. भगवान सूर्य की इस अपार कृपा के लिए श्रद्धा पूर्वक समर्पण और पूजा उनके प्रति कृतज्ञता को दर्शाता है. सूर्य षष्टी या छठ व्रत इन्हीं आदित्य सूर्य भगवान को समर्पित है. इस महापर्व में सूर्य नारायण के साथ देवी षष्टी की पूजा भी होती है. दोनों ही दृष्टि से इस पर्व की अलग अलग कथा एवं महात्मय है. सबसे पहले आप षष्टी देवी की कथा सुनिये.

छठ व्रत कथा

एक थे राजा प्रियव्रत उनकी पत्नी थी मालिनी. राजा रानी निःसंतान होने से बहुत दुःखी थे. उन्होंने महर्षि कश्यप से पुत्रेष्टि यज्ञ करवाया. यज्ञ के प्रभाव से मालिनी गर्भवती हुई परंतु न महीने बाद जब उन्होंने बालक को जन्म दिया तो वह मृत पैदा हुआ. प्रियव्रत इस से अत्यंत दुःखी हुए और आत्म हत्या करने हेतु तत्पर हुए.

प्रियव्रत जैसे ही आत्महत्या करने वाले थे उसी समय एक देवी वहां प्रकट हुई. देवी ने कहा प्रियव्रत मैं षष्टी देवी हूं. मेरी पूजा आराधना से पुत्र की प्राप्ति होती है, मैं सभी प्रकार की मनोकामना पूर्ण करने वाली हूं. अतः तुम मेरी पूजा करो तुम्हे पुत्र रत्न की प्राप्ति होगी. राजा ने देवी की आज्ञा मान कर कार्तिक शुक्ल षष्टी तिथि को देवी षष्टी की पूजा की जिससे उन्हें पुत्र की प्राप्ति हुई. इस दिन से ही छठ व्रत का अनुष्ठान चला आ रहा है.

एक अन्य मान्यता के अनुसार भगवान श्रीरामचन्द्र जी जब अयोध्या लटकर आये तब राजतिलक के पश्चात उन्होंने माता सीता के साथ कार्तिक शुक्ल षष्टी तिथि को सूर्य देवता की व्रतोपासना की और उस दिन से जनसामान्य में यह पर्व मान्य हो गया और दिनानुदिन इस त्यहार की महत्ता बढ़ती गई व पूर्ण आस्था एवं भक्ति के साथ यह त्यहार मनाया जाने लगा.

छठ व्रत विधि

इस त्यहार को बिहार, झारखंड, उत्तरप्रदेश एवं भारत के पड़ोसी देश नेपाल में हर्षोल्लास एवं द्वनयम निष्ठा के साथ मनाया जाता है. इस त्यहार की यहां बड़ी मान्यता है. इस महापर्व में देवी षष्टी माता एवं भगवान सूर्य को प्रसन्न करने के लिए स्त्री और पुरूष दोनों ही व्रत रखते हैं. व्रत चर दिनो का होता है पहले दिन यानी चतुर्थी को आत्म शुद्धि हेतु व्रत करने वाले केवल अरवा खाते हैं यानी शुद्ध आहार लेते हैं. पंचमी के दिन नहा खा होता है यानी स्नान करके पूजा पाठ करके संध्या काल में गुड़ और नये चावल से खीर बनाकर फल और मिष्ठान से छठी माता की पूजा की जाती है फिर व्रत करने वाले कुमारी कन्याओं को एवं ब्रह्मणों को भोजन करवाकर इसी खीर को प्रसाद के तर पर खाते हैं. षष्टी के दिन घर में पवित्रता एवं शुद्धता के साथ उत्तम पकवान बनाये जाते हैं. संध्या के समय पकवानों को बड़े बडे बांस के डालों में भरकर जलाशय के निकट यानी नदी, तालाब, सरोवर पर ले जाया जाता है. इन जलाशयों में ईख का घर बनाकर उनपर दीया जालाया जाता है. व्रत करने वाले जल में स्नान कर इन डालों को उठाकर डूबते सूर्य एवं षष्टी माता को अर्घ्य देते हैं. सूर्यास्त के पश्चात लोग अपने अपने घर वापस आ जाते हैं. रात भर जागरण किया जाता है. सप्तमी के दिन सुबह ब्रह्म मुहूर्त में पुनः संध्या काल की तरह डालों में पकवान, नारियल, केला, मिठाई भर कर नदी तट पर लोग जमा होते हैं. व्रत करने वाले सुबह के समय उगते सूर्य को आर्घ्य देते हैं. अंकुरित चना हाथ में लेकर षष्टी व्रत की कथा कही और सुनी जाती है. कथा के बाद प्रसाद वितरण किया जाता है और फिर सभी अपने अपने घर लट आते हैं. व्रत करने वाले इस दिन परायण करते हैं.

इस पर्व के विषय में मान्यता यह है कि जो भी षष्टी माता और सूर्य देव से इस दिन मांगा जाता है वह मुराद पूरी होती है. इस अवसर पर मुराद पूरी होने पर बहुत से लोग सूर्य देव को दंडवत प्रणाम करते हैं. सूर्य को दंडवत प्रणाम करने का व्रत बहुत ही कठिन होता है, लोग अपने घर में कुल देवी या देवता को प्रणाम कर नदी तट तक दंड देते हुए जाते हैं. दंड की प्रक्रिया इस प्रकार से है पहले सीधे खडे होकर सूर्य देव को प्रणाम किया जाता है फिर पेट की ओर से ज़मीन पर लेटकर दाहिने हाथ से ज़मीन पर एक रेखा खींची जाती है. यही प्रक्रिया नदी तट तक पहुंचने तक बार बार दुहरायी जाती है.

क्यूं मनाते हैं छठ महापर्व

भारत की विविध संस्कृति का एक अहम अंग यहां के पर्व हैं. भारत में ऐसे कई पर्व हैं जो बेहद कठिन माने जाते हैं और इन्हीं पर्वों में से एक है छठ पर्व. छठ को सिर्फ पर्व नहीं महापर्व कहा जाता है. चार दिनों तक चलने वाले इस पर्व में व्रती को लगभग तीन दिन का व्रत रखना होता है जिसमें से दो दिन तो निर्जली व्रत रखा जाता है. आइए आज के इस अंक में जानें छठ के बारे में कुछ विशेष बातें.

क्या है छठ- छठ पर्व छठ और षष्ठी का अपभ्रंश है. कार्तिक मास की अमावस्या को दीवाली मनाने के तुरंत बाद मनाए जाने वाले इस चार दिवसीय व्रत की सबसे कठिन है और महत्वपूर्ण रात्रि कार्तिक शुक्ल षष्ठी की होती है. इसी कारण इस व्रत का नामकरण छठ व्रत हो गया. यह पर्व वर्ष में दो बार मनाया जाता है. पहली बार चैत्र में और दूसरी बार कार्तिक में. चैत्र शुक्लपक्ष षष्ठी पर मनाए जाने वाले छठ पर्व को चैती छठ व कार्तिक शुक्लपक्ष षष्ठी पर मनाए जाने वाले पर्व को कार्तिकी छठ कहा जाता है.

मार्कण्डेय पुराण में इस बात का उल्लेख मिलता है कि सृष्टि की अधिष्ठात्री प्रकृति देवी ने अपने आप को छह भागों में विभाजित किया है और इनके छठे अंश को सर्वश्रेष्ठ मातृ देवी के रूप में जाना जाता है, जो ब्रह्मा की मानस पुत्री और बच्चों की रक्षा करने वाली देवी हैं. कार्तिक मास के शुक्ल पक्ष की षष्ठी को इन्हीं देवी की पूजा की जाती है. शिशु के जन्म के छह दिनों के बाद भी इन्हीं देवी की पूजा करके बच्चे के स्वस्थ, सफल और दीर्घ आयु की प्रार्थना की जाती है. पुराणों में इन्हीं देवी का नाम कात्यायनी मिलता है, जिनकी नवरात्र की षष्ठी तिथि को पूजा की जाती है. छठ व्रत की परंपरा सदियों से चली आ रही है. यह परंपरा कैसे शुरू हुई, इस संदर्भ में एक कथा का उल्लेख पुराणों में मिलता है. इसके अनुसार प्रियव्रत नामक एक राजा की कोई संतान नहीं थी. संतान प्राप्ति के लिए महर्षि कश्यप ने उन्हे पुत्रयेष्टि यज्ञ करने का परामर्श दिया. यज्ञ के फलस्वरूप महारानी ने एक पुत्र को जन्म दिया, किंतु वह शिशु मृत था. इस समाचार से पूरे नगर में शोक व्याप्त हो गया. तभी एक आश्चर्यजनक घटना घटी. आकाश से एक ज्योतिर्मय विमान धरती पर उतरा और उसमें बैठी देवी ने कहा, 'मैं षष्ठी देवी और विश्व के समस्त बालकों की रक्षिका हूं.' इतना कहकर देवी ने शिशु के मृत शरीर का स्पर्श किया, जिससे वह बालक जीवित हो उठा. इसके बाद से ही राजा ने अपने राज्य में यह त्योहार मनाने की घोषणा कर दी.

गौहत्या पर लगाया जाना चाहिए प्रतिबंध

हजारों वर्षों के प्रलेखित इतिहास के साथ देसी गाय भारतीय संस्कृति में महत्वपूर्ण योगदान रखती है। भगवान शिव के वाहन, नंदी बैल की मूर्ति, भारतीय मंदिरों और सामाजिक-सांस्कृतिक केंद्रों में प्रमुखता से प्रदर्शित की जाती है। प्राचीन काल में गायों का दैनिक जीवन में व्यापक रूप से उपयोग किया जाता था। गाय के कम वसा वाले दूध को मां के दूध का एक अच्छा विकल्प माना जाता था। इसके अतिरिक्त, खाना पकाने का घी, डेयरी उत्पाद और मिठाइयां गाय के दूध से बनाई जाती थीं। यह ध्यान रखना दिलचस्प है कि गायों के अतिरिक्त उपयोग भी थे। समृद्ध जैविक खाद, जैसे कि गाय का गोबर, खेत की खाद और फर्श की प्लास्टरिंग दोनों के लिए उपयोग किया जाता था। इसका उपयोग गोबर के उपले के रूप में ईंधन के रूप में भी किया जाता था। इसके अतिरिक्त, गोमूत्र को चिकित्सीय और कीटनाशक गुणों वाला माना जाता था। इसके अतिरिक्त, गायों की प्रजनन और संतानों के लिए आवश्यकता थी। फिर, बैल जैसे भार ढोने वाले जानवर परिवहन और खेत की जुताई दोनों के लिए सहायक थे। इसलिए वैज्ञानिक, सांस्कृतिक और आर्थिक कारणों से गाय समाज और लोगों दोनों के लिए एक मूल्यवान और प्रिय संपत्ति बन गई। वास्तव में कौटिल्य के अर्थशास्त्र के दो अध्याय गायों को समर्पित हैं। इन सामाजिक-आर्थिक लाभों के कारण सदियों तक गोहत्या पर प्रतिबंध लगा दिया गया था। वृहद आर्थिक स्तर पर, देशी गायें रोजगार पैदा करती हैं और दूध, चारा और चराई के लिए आवश्यक श्रम की आपूर्ति श्रृंखला के लिए आय उत्पन्न करती हैं। भारत जैसे उभरते राष्ट्र में जहां दो-तिहाई आबादी अभी भी जीविका के लिए कृषि पर निर्भर है, देशी गाय ग्रामीण अर्थव्यवस्था का एक महत्वपूर्ण हिस्सा बनी हुई है, खासकर छोटे और सीमांत किसानों के लिए, हालांकि इसे आज वैसी मान्यता नहीं मिली है। कुछ इतिहासकारों के अनुसार, मोहनजोदड़ो के पुरातात्विक स्थल के हर स्तर पर कूबड़ वाले बैल के अवशेषों की प्रचुरता इस बात का संकेत है कि ₹सिंधु घाटी मवेशियों की उत्तम नस्लों से विशेष रूप से समृद्ध रही होगी।₹ चाहे इसकी उत्पत्ति कुछ भी हो, गाय सदियों से भारतीय कृषि की आधारशिला रही है, जो दूध और दुग्ध उत्पादों के माध्यम से किसान परिवारों को पोषण प्रदान करती है, साथ ही कृषि कार्यों जैसे कि जमीन की जुताई और माल के परिवहन के लिए भारवाहक पशु शक्ति भी प्रदान करती है। गाय जीवन की लगभग सभी आवश्यक आवश्यकताओं को पूरा करती थी, जिसमें खेती और खाद, भोजन और जीविका, परिवहन और ईंधन शामिल हैं। जब हम प्राचीन भारत से लेकर वर्तमान तक गाय के इतिहास पर नजर डालते हैं, तो भारतीय देशी गायों को प्राचीन काल से ही विभिन्न वैज्ञानिक कारणों से पूजा जाता रहा है। कृषि भारत की प्राथमिक आर्थिक शक्ति थी, और व्यावहारिक रूप से हर प्रमुख भारतीय त्योहार किसी न किसी कृषि गतिविधि के इर्द-गिर्द घूमता था। भारत के लोगों के लिए, देसी गाय धन का प्रतीक है। भारतीय किसान गाय के गोबर का उपयोग ईंधन और उर्वरक के स्त्रोत के रूप में करते रहे हैं। यह पूरी तरह से जैविक था और उच्च उपज वाली फसलें पैदा करता था। गायें पर्यावरण के लिए लाभकारी प्रथाओं के साथ स्थायी कृषि का एकमात्र स्त्रोत थीं। वास्तव में, उस समय गायों का मूल्य सोने से भी अधिक था। गायों को परिवार का सदस्य माना जाता था। 1580 में भारत आने वाले एक शुरूआती अंग्रेज आगंतुक, राल्फ फिच ने अपने घर भेजे पत्र में लिखा, उनका एक अजीबोगरीब समुदाय है- वे गाय की पूजा करते हैं और अपने घरों की दीवारों को रंगने के लिए गाय के गोबर का उपयोग करते हैं। वे मांस नहीं खाते और कंद-मूल, अनाज और दूध पर जीवित रहते हैं। जब अंग्रेज भारत पहुँचे और पूरे उपमहाद्वीप का अध्ययन किया, तो उन्हें पता चला कि वे सीधे तौर पर इस देश पर शासन नहीं कर सकते। भारतीय अर्थव्यवस्था देसी गाय और जैविक कृषि पर बहुत अधिक निर्भर थी और भारतीय शिक्षा प्रणाली पूरी तरह से नैतिकता, विज्ञान और गुरुकुल प्रणाली पर आधारित थी, जो संस्कृति में गहराई से समाहित थी। ब्रिटिश भारत के गवर्नर रॉबर्ट क्लाइव ने इस क्षेत्र में कृषि पर व्यापक अध्ययन किया। रॉबर्ट क्लाइव ने पाया कि गायें भारतीय कृषि के लिए आवश्यक हैं और उनके बिना कृषि संभव नहीं है। इस नींव को तोड़ने के लिए गायों का उन्मूलन आवश्यक था। इसलिए भारत में पहला बूचड़खाना 1760 में कोलकाता में स्थापित किया गया, जहां प्रतिदिन 30 हजार से अधिक देसी गायों का वध किया जाता था, जिसके परिणामस्वरूप एक वर्ष में कम से कम एक करोड़ गायों का वध किया जाता था। ब्रिटिश सैनिक इसका उपयोग पोषण के लिए करते थे या इसे इंग्लैंड को बेचते थे। भारत में अंग्रेजों के लिए गोमांस मुख्य आहार बन गया। जब भारतीय कृषि को झटका लगा, तो अंग्रेजों ने व्यावसायिक खेती विकसित की, जो रसायनों और उर्वरकों पर भारी थी और इसे एक अलग वाणिज्य उद्योग में बदल दिया। उन्होंने अपने कुकर्मो से भारत की पूरी आर्थिक व्यवस्था को बर्बाद कर दिया। देसी गायों के विस्तार को पूरी तरह से रोकने के लिए, उन्होंने जर्सी आयात की और उसे देसी नस्ल की गायों के साथ संकरित किया। गोहत्या के लिए पश्चिम के औचित्य अब निर्विवाद नहीं हैं। मांस से बेहतर प्रोटीन स्त्रोत हैं। किसी भी आहार विशेषज्ञ का चार्ट बताएगा कि 22% प्रोटीन वाला गोमांस, सोयाबीन (43%), मूंगफली (31%) और दालों (24%) से कम स्कोर करता है। एक किलोग्राम गोमांस बनाने के लिए सात किलोग्राम फसलों और 7000 किलोग्राम पानी की आवश्यकता होती है।

भारत ने चीन को दिया करारा जवाब

ANALYSIS

✍ डॉ. मयंक चतुर्वेदी

अच्छी बात है कि यही दृष्टिकोण आज भारतीय नीति निमार्ताओं द्वारा अपनाया जाना सामने आ रहा है। चीन की ओर से तिब्बत क्षेत्र में ब्रह्मपुत्र नदी (स्थानीय नाम यारलुंग जांगबो) के ऊपरी हिस्से में बड़े बांध विकसित किए जा रहे हैं। इन परियोजनाओं से भारत के लिए जल प्रवाह में कमी, बाढ़ नियंत्रण में मुश्किलें और संभावित सामरिक खतरे पैदा हो सकते हैं। जल बम के रूप में इनका इस्तेमाल युद्ध की स्थिति में संभव है। इन सभी खतरों को ध्यान में रखते हुए, भारत ने ब्रह्मपुत्र नदी बेसिन पर लगभग 76 गीगावाट की जलविद्युत क्षमता विकसित करने के लिए 6.4 ट्रिलियन रुपये की योजना तैयार की है। यह परियोजना केवल ऊर्जा उत्पादन तक सीमित नहीं है; यह राष्ट्रीय सुरक्षा, क्षेत्रीय विकास और रणनीतिक संतुलन के लिए भी महत्वपूर्ण है। केंद्रीय विद्युत प्राधिकरण (सीईए) की रिपोर्ट के अनुसार, यह योजना 12 उप-बेसिनों में 208 बड़ी पनबिजली परियोजनाओं का निर्माण करेगी। इन परियोजनाओं में कुल मिलाकर 64.9 गीगावाट विद्युत उत्पादन और 11.1 गीगावाट पंप भंडारण क्षमता शामिल है। पंप भंडारण क्षमता का महत्व इसलिए है क्योंकि यह ऊर्जा की मांग और आपूर्ति में असंतुलन को संतुलित करने में सहायक होती है। पूर्वोत्तर राज्यों में ब्रह्मपुत्र बेसिन की भौगोलिक स्थिति इस योजना को और अधिक रणनीतिक बनाती है।

वैश्विक राजनीतिक और रणनीतिक परिदृश्य लगातार बदल रहा है। सीमाएं सिर्फ भौगोलिक दृष्टि से ही नहीं, वे ऊर्जा, जल और सुरक्षा की दृष्टि से भी अहमियत रखती हैं। ऐसे समय में, जब कोई पड़ोसी देश भारत के लिए दबाव या चुनौती उत्पन्न करता है, जैसे कि चीन द्वारा ब्रह्मपुत्र नदी के ऊपरी हिस्से पर बड़े बांध बनाने का कार्य हो, तब प्रतिक्रिया केवल कूटनीतिक बयानबाजी या आलोचना तक सीमित नहीं होनी चाहिए। वास्तविक रणनीति वह है जो दीर्घकालिक, ठोस और आत्मनिर्भर हो। अच्छी बात है कि यही दृष्टिकोण आज भारतीय नीति निमार्ताओं द्वारा अपनाया जाना सामने आ रहा है। चीन की ओर से तिब्बत क्षेत्र में ब्रह्मपुत्र नदी (स्थानीय नाम यारलुंग जांगबो) के ऊपरी हिस्से में बड़े बांध विकसित किए जा रहे हैं। इन परियोजनाओं से भारत के लिए जल प्रवाह में कमी, बाढ़ नियंत्रण में मुश्किलें और संभावित सामरिक खतरे पैदा हो सकते हैं। जल बम के रूप में इनका इस्तेमाल युद्ध की स्थिति में संभव है। इन सभी खतरों को ध्यान में रखते हुए, भारत ने ब्रह्मपुत्र नदी बेसिन पर लगभग 76 गीगावाट की जलविद्युत क्षमता विकसित करने के लिए 6.4 ट्रिलियन रुपये की योजना तैयार की है। यह परियोजना केवल ऊर्जा उत्पादन तक सीमित नहीं है; यह राष्ट्रीय सुरक्षा, क्षेत्रीय विकास और रणनीतिक संतुलन के लिए भी महत्वपूर्ण है। केंद्रीय विद्युत प्राधिकरण (सीईए) की रिपोर्ट के अनुसार, यह योजना 12 उप-बेसिनों में 208 बड़ी पनबिजली परियोजनाओं का निर्माण करेगी। इन परियोजनाओं में कुल मिलाकर 64.9 गीगावाट विद्युत उत्पादन और 11.1 गीगावाट पंप भंडारण क्षमता शामिल है। पंप भंडारण क्षमता का महत्व इसलिए है क्योंकि यह ऊर्जा की मांग और आपूर्ति में असंतुलन को संतुलित करने में सहायक होती है। पूर्वोत्तर राज्यों में ब्रह्मपुत्र बेसिन की भौगोलिक स्थिति इस योजना को और अधिक रणनीतिक बनाती है। अरुणाचल प्रदेश, असम, सिक्किम, मिजोरम, मेघालय, मणिपुर, नागालैंड और पश्चिम बंगाल के हिस्सों में फैला यह बेसिन ऊर्जा उत्पादन के लिए अपार संभावनाएँ रखता है। विशेष रूप से अरुणाचल प्रदेश में उपलब्ध अप्रयुक्त पनबिजली क्षमता लगभग 52 प्रतिशत है। इसका अर्थ यह है कि यदि इस योजना को सफलतापूर्वक लागू किया जाता है, तो भारत अपनी ऊर्जा जरूरतों के लिए काफी हद तक आत्मनिर्भर बन सकता है। तकनीकी दृष्टि से परियोजना में जल प्रवाह का नियंत्रण, पंप भंडारण और सतत विद्युत उत्पादन पर विशेष ध्यान दिया गया है। चीन के बांधों द्वारा पानी की आपूर्ति पर संभावित प्रभाव को ध्यान में रखते हुए, भारत की योजना उच्च क्षमता वाले पनबिजली संयंत्रों और स्मार्ट ग्रिड नेटवर्क के माध्यम से स्थिर ऊर्जा उत्पादन सुनिश्चित करेगी। इससे पूर्वोत्तर में न केवल ऊर्जा संकट कम होगा, बल्कि राष्ट्रीय सुरक्षा पर भी सकारात्मक प्रभाव पड़ेगा। आर्थिक दृष्टि से इस परियोजना का पहला चरण 2035 तक पूरा होगा, जिसमें लगभग 1.91 ट्रिलियन रुपये का निवेश होगा। दूसरा चरण 4.52 ट्रिलियन रुपये की लागत से पूरा किया जाएगा। यह निवेश केवल ऊर्जा उत्पादन तक सीमित नहीं है। इससे पूर्वोत्तर राज्यों में रोजगार सृजन, बुनियादी ढांचे का विकास, और स्थानीय आर्थिक समृद्धि को भी बढ़ावा मिलेगा। एनएचपीसी, नीपको और एसजेवीएन जैसी केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनियां इस परियोजना में शामिल हैं, जो इसे सफलतापूर्वक क्रियान्वित करने में सक्षम हैं। परियोजना का एक और महत्वपूर्ण पहलू यह भी है कि ये भारत के पर्यावरणीय और ऊर्जा लक्ष्य से मेल खाती है। भारत ने 2030 तक 500 गीगावाट गैर-जीवाश्म ऊर्जा उत्पादन और 2070 तक शुद्ध शून्य उत्सर्जन का लक्ष्य निर्धारित किया है। ब्रह्मपुत्र हाइड्रो प्रोजेक्ट इन लक्ष्यों की दिशा में केंद्रीय भूमिका निभा सकता है। पनबिजली परियोजनाओं के माध्यम से जीवाश्म ईंधन पर निर्भरता कम होगी और सतत ऊर्जा उत्पादन सुनिश्चित होगा। रणनीतिक दृष्टि से यह परियोजना यह संदेश देती है कि भारत किसी भी बाहरी दबाव या चुनौती के सामने कमजोर नहीं है। चीन के बांधों से उत्पन्न संभावित खतरों का उत्तर केवल विरोध या कूटनीतिक कदम से नहीं, ठोस, दीर्घकालिक और तकनीकी रूप से सक्षम योजना के माध्यम से दिया जा रहा है। यह दृष्टिकोण किसी भी वैश्विक शक्ति संतुलन के परिदृश्य में भारत की स्थिति को मजबूत करता है। इतिहास में इस तरह के अनेक उदाहरण मौजूद हैं, जब किसी देश ने प्रतिकूल परिस्थितियों या दबाव के सामने ठोस रणनीति अपनाई और दीर्घकालिक रूप से लाभ प्राप्त किया। भारत की यह योजना उसी सिद्धांत को स्पष्ट रूप से दशार्ती है कि किसी भी चुनौती या खतरे के उत्तर में दीर्घकालिक योजना, आत्मनिर्भरता और ठोस क्रियान्वयन ही वास्तविक समाधान हैं। पूर्वोत्तर राज्यों में बिजली की बढ़ती मांग और स्थानीय विकास की आवश्यकता इस परियोजना को और भी महत्वपूर्ण बनाती है। उच्च क्षमता वाली पनबिजली परियोजनाओं और पंप भंडारण संयंत्रों के निर्माण से न केवल स्थिर ऊर्जा सुनिश्चित होगी, बल्कि ग्रामीण और आदिवासी इलाकों में बुनियादी ढांचे का विकास भी होगा। इसके अलावा, जल संसाधनों का सतत और प्रभावी उपयोग सुनिश्चित किया जाएगा। सामरिक दृष्टि से, ब्रह्मपुत्र हाइड्रो प्रोजेक्ट यह स्पष्ट संदेश देता है कि भारत किसी भी बाहरी शक्ति द्वारा उत्पन्न संकट का सामना करने में सक्षम है। यह केवल ऊर्जा उत्पादन की दिशा में कदम नहीं है, राष्ट्रीय संकल्प और रणनीतिक स्थिरता का प्रतीक भी है। किसी भी दबाव या धमकी के उत्तर में सिर्फ विरोध करना पर्याप्त नहीं; वास्तविक प्रभावी प्रतिक्रिया वह है जो दीर्घकालिक, रणनीतिक और ठोस हो। अंततः, ब्रह्मपुत्र हाइड्रो योजना यह प्रमाणित करती है कि किसी भी बाहरी दबाव या खतरे के सामने देश की प्रतिक्रिया केवल संवेगात्मक या तत्कालीन नहीं होनी चाहिए। यह दीर्घकालिक योजना आत्मनिर्भरता और तकनीकी दक्षता के माध्यम से स्थिति को अपने पक्ष में मोड़ने का उदाहरण है। कहना होगा कि भारत का यह कदम ऊर्जा उत्पादन, बल्कि सामरिक संतुलन, पूर्वोत्तर राज्यों के विकास और जल संसाधनों के सतत उपयोग के दृष्टिकोण से बहुत महत्वपूर्ण है। निश्?चित ही इस परियोजना के माध्यम से यह संदेश स्पष्ट है कि किसी भी चुनौती या खतरे के समय वास्तविक शक्ति केवल शब्दों में नहीं, बल्कि ठोस योजनाओं, दीर्घकालिक निवेश और रणनीतिक क्रियान्वयन में होती है। चीन जैसे पड़ोसी द्वारा उत्पन्न दबाव के बावजूद भारत ने स्पष्ट रूप से यह दिखाया है कि वह अपनी राष्ट्रीय सुरक्षा, ऊर्जा आवश्यकताओं और सामरिक हितों के लिए सक्षम और आत्मनिर्भर है।

मारिया मचाडो और लोकतंत्र की लौ

वर्ष 2025 का नोबेल शांति पुरस्कार वेनेजुएला की विपक्षी नेता मारिया कोरीना मचाडो को मिला है। यह पुरस्कार न केवल एक व्यक्ति का सम्मान है, बल्कि उस विचार का भी जो यह मानता है कि लोकतंत्र केवल संस्थागत ढांचे से नहीं, बल्कि व्यक्तिगत साहस, नैतिक प्रतिबद्धता और जनता के विश्वास से जीवित रहता है। संघर्षग्रस्त समाजों में जहां भय, हिंसा और सेंसरशिप का वातावरण हो, वहां व्यक्ति का नैतिक साहस ही लोकतंत्र की पहली लौ बनता है। लोकतंत्र का अर्थ केवल चुनाव, संसद या संविधान तक सीमित नहीं है, यह एक नैतिक संस्कृति है, जहां नागरिकों को अपनी बात कहने, असहमति जताने और न्याय पाने का अधिकार होता है। परंतु जब सत्ता निरंकुश हो जाती है, जब प्रेस पर अंकुश लगाया जाता है, जब विरोध को देशद्रोह कहा जाता है। ऐसे में लोकतंत्र की आत्मा घायल होती है। ऐसे समय में कोई भी आंदोलन, चाहे वह राजनीतिक हो या सामाजिक, तभी टिक पाता है, जब उसमें व्यक्तिगत नेतृत्व का साहस और नैतिकता की दृढ़ता हो। तानाशाही शासन के खिलाफ सबसे पहली दीवार वही व्यक्ति खड़ी करता है जो भय के आगे झुकता नहीं। व्यक्तिगत साहस का अर्थ है- अन्याय के विरुद्ध सत्य कहना, चाहे परिणाम कितना भी कठोर क्यों न हो। मारिया कोरीना मचाडो ने यही किया। उन्होंने गिरफ्तारी, प्रतिबंध और धमकियों के बावजूद वेनेजुएला में शांतिपूर्ण लोकतांत्रिक परिवर्तन की आवाज बुलंद रखी। इतिहास साक्षी है कि प्रत्येक युग में जब लोकतंत्र संकट में पड़ा, तो एक व्यक्ति के नैतिक साहस ने ही समाज को दिशा दी। महात्मा गांधी ने भारत में अहिंसक प्रतिरोध की परंपरा गढ़ी, मार्टिन लूथर किंग जूनियर ने अमेरिकी नागरिक अधिकार आंदोलन में रंगभेद के विरुद्ध आवाज उठाई और आंग सान सू की ने म्यांमार में दशकों तक सैन्य शासन के खिलाफ लोकतांत्रिक संघर्ष का नेतृत्व किया। इन सबने यह सिद्ध किया कि साहस सत्ता का विरोध नहीं, सत्य की सेवा है। जब लोग अत्याचार से थक कर मौन हो जाते हैं, तब एक व्यक्ति का साहस सामूहिक चेतना को जगाता है। ऐसे साहसी लोग न केवल प्रतिरोध करते हैं, बल्कि जनता में नैतिक आशा भी जगाते हैं कि परिवर्तन संभव है। मारिया मचाडो का नेतृत्व इसी प्रकार जनता को अहिंसक संगठित प्रतिरोध के लिए प्रेरित करता रहा। वेनेजुएला की जनता में लोकतांत्रिक उम्मीदें जिंदा रखना ही उनका सबसे बड़ा योगदान है। तानाशाही शासन हमेशा सूचना और विचार की स्वतंत्रता से डरता है। ऐसे माहौल में जो व्यक्ति सत्य बोलता है, वह स्वयं एक संस्था बन जाता है। महात्मा गांधी का सत्याग्रह इसका श्रेष्ठ उदाहरण है- जहां सत्य को हथियार बनाया गया और हिंसा को त्यागा गया। इसी प्रकार नेल्सन मंडेला ने वर्षों की कैद के बावजूद प्रतिशोध नहीं, बल्कि क्षमा और मेल-मिलाप का रास्ता चुना। उनका साहस केवल राजनीतिक नहीं, बल्कि नैतिक और मानवतावादी था। इतिहास बताता है कि जब भी महिलाओं ने नेतृत्व संभाला, उन्होंने संघर्ष को संवाद, संवेदना और समावेशिता में बदला। मारिया मचाडो, एलेन जॉनसन सर्लीफ, मलाला यूसुफजई या कोरियाई मानवाधिकार कार्यकर्ता यो ह्योन-ही, सभी ने यह दिखाया कि शांति और लोकतंत्र की राह हिंसा नहीं, संवेदना से बनती है। महिला नेतृत्व समाज में एक नैतिक संतुलन लाता है, जहां संघर्ष का उद्देश्य केवल सत्ता परिवर्तन नहीं, बल्कि मानव गरिमा की पुनर्स्थापना होता है। नैतिक नेतृत्व केवल राजनीतिक कौशल नहीं होता, वह समाज के भीतर विश्वास का पुनर्निर्माण करता है। ऐसा नेतृत्व विरोध के साथ-साथ समाधान की राह भी दिखाता है। उसकी दृष्टि अल्पकालिक लाभों पर नहीं, बल्कि दीर्घकालिक न्याय और समानता पर होती है। जब संस्थाएं विफल होती हैं, तब एक नेता का चरित्र ही उसकी शक्ति बनता है। पोलैंड के नेता लेच वालेसा का सॉलिडेरिटी आंदोलन इसी का उदाहरण है, जहां मजदूरों के हक की लड़ाई ने पूरे राष्ट्र को लोकतंत्र की ओर मोड़ दिया। नेल्सन मंडेला का ट्रुथ एंड रिकॉन्सिलिएशन कमीशन इस बात का प्रतीक है कि सत्य और क्षमा साथ चल सकते हैं। लोकतांत्रिक नेतृत्व केवल घरेलू संघर्ष तक सीमित नहीं रहता, वह घरेलू पीड़ा को वैश्विक विमर्श में बदल देता है। मारिया मचाडो ने मानवाधिकार मंचों पर जाकर वेनेजुएला के संघर्ष को विश्व की चेतना से जोड़ा, जिससे अंतरराष्ट्रीय दबाव बना। यही कारण है कि आज वेनेजुएला की कहानी केवल एक देश की नहीं, बल्कि दुनिया के हर संघर्षग्रस्त समाज की कहानी बन गई है। तानाशाही का सबसे बड़ा हथियार भय होता है। नैतिक नेता उस भय को तोड़ते हैं और जनता को विश्वास दिलाते हैं कि सत्ता सीमित है, पर जनता असीम है। लोकतंत्र का अस्तित्व इसी विश्वास पर टिका है कि हर नागरिक की आवाज मायने रखती है। भय को खत्म कर जब नागरिक बोलना शुरू करते हैं, तभी लोकतंत्र सांस ले पाता है। भारत के स्वतंत्रता संग्राम में भी व्यक्तिगत साहस और नैतिक नेतृत्व का अद्भुत उदाहरण देखने को मिला। भगत सिंह, सुभाषचंद्र बोस, राममनोहर लोहिया, जयप्रकाश नारायण जैसे नेताओं ने यह दिखाया कि लोकतंत्र का जन्म संघर्ष से होता है और उसका पालन-पोषण नैतिक साहस से। आज भी भारत जैसे विविधतापूर्ण देश में नागरिक अधिकारों की रक्षा तभी संभव है जब समाज में ऐसे नेतृत्व की भावना जीवित रहे। लोकतंत्र केवल संस्थाओं से नहीं चलता, बल्कि उस भावना से जो नागरिकों के भीतर होती है। यदि समाज में भय, लालच या नफरत हावी हो जाए तो लोकतंत्र का स्वरूप कमजोर हो जाता है। ऐसे समय में नेता का काम केवल नीतियाँ बनाना नहीं, बल्कि नैतिक आदर्श प्रस्तुत करना होता है, जो जनता को यह सिखाए कि स्वतंत्रता का अर्थ केवल अधिकार नहीं, बल्कि कर्तव्य और अनुशासन भी है। आज दुनिया के अनेक हिस्सों में लोकतंत्र खतरे में है- रूस, ईरान, म्यांमार, अफगानिस्तान, बेलारूस, सूडान, यहाँ तक कि कुछ विकसित लोकतंत्रों में भी सत्ता केंद्रीकरण और सूचना नियंत्रण की प्रवृत्ति बढ़ रही है।

Social Media Corner

सच के हक में...

आंध्र प्रदेश के कुरनूल में बस में आग लगने की दुखद घटना में हुई जान-माल की हानि अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण है। मैं शोक संतप्त परिजनों के प्रति अपनी हार्दिक संवेदना व्यक्त करतीं हूं और घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की प्रार्थना करतीं हूं।

(राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु का 'एक्स' पर पोस्ट)

प्रकृति और संस्कृति को समर्पित महापर्व छठ आने वाला है। बिहार सहित देशभर में इसकी तैयारियों में श्रद्धालु पूरे भक्ति-भाव से जुट चुके हैं। छठी मइया के गीत इस पावन अवसर की भव्यता और दिव्यता को और बढ़ाने वाले होते हैं। आपसे आग्रह है कि आप भी छठ पूजा से जुड़े गीत मेरे साथ शेयर करें। मैं अगले कुछ दिनों तक इन्हें सभी देशवासियों के साथ साझा करूंगा।

(प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का 'एक्स' पर पोस्ट)

रांची के लोअर बाजार स्थित मुस्लिम बहुल इलाके में एक हिंदू परिवार का घर आधी रात में बुलडोजर से तोड़ दिया गया। मौके पर मौजूद होने के बाद भी पुलिस ने न तो आरोपियों को घर तोड़ने से रोका, न ही उन्हें गिरफ़्तार किया, क्योंकि सारे आरोपी मुस्लिम समुदाय के हैं। इस घटना के बाद अब पीड़ित हिंदू परिवार डर के साए में जी रहा है और आत्मदाह की धमकी तक दे चुका है। हेमंत सरकार में तुष्टिकरण चरम पर पहुंच चुका है। समुदाय विशेष के लोगों को अपराध करने की छूट मिली हुई है। हिंदू आदिवासियों पर लगातार अत्याचार किया जा रहा है। लेकिन इसे अब और बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। हेमंत सोरेन जी, तत्काल आरोपियों की गिरफ्तारी करें एवं पीड़ित हिंदू परिवार तथा उनके घर की सुरक्षा का प्रबंध सुनिश्चित करें, अन्यथा उसी लोअर बाजार में भाजपा इतना जोरदार आंदोलन करेगी कि आपकी तुष्टिकरण वाली सरकार के पांव उखड़ जाएंगे।

(बाबूलाल मरांडी का 'एक्स' पर पोस्ट)

नए युग में भारत और अफगानिस्तान संबंध

अंतरराष्ट्रीय संबंधों में कोई स्थायी मित्र या शत्रु नहीं होता, सभी राष्ट्र समय और परिस्थितियों के अनुसार पारस्परिक व्यवहार करते हैं। इस समय भारत के लिए सामरिक दृष्टि से महत्वपूर्ण अफगानिस्तान में तालिबान का शासन है। तालिबान की पहचान आतंकी संगठन की है, किंतु अफगानिस्तान की तालिबान सरकार अंतरराष्ट्रीय मान्यता प्राप्त करने के लिए वैश्विक जगत से संवाद स्थापित कर रही है। अभी तक तालिबान सरकार को केवल रूस ने ही मान्यता दी है। इस बीच अफगानिस्तान के तालिबान विदेश मंत्री आमिर खान मुत्ताकी सात दिन की भारत यात्रा पर हैं यद्यपि भारत ने अभी तक तालिबान सरकार को मान्यता नहीं दी है और वह काफी फूंक-फूंक कर कदम रख रहा है। भारत में मुत्ताकी के अनेक कार्यक्रम हो रहे हैं। वह उप्र में मुसलमानों की संस्था दारुल उलूम देवबंद गए, उनकी दो पत्रकार वाताएं भी हो चुकी हैं, जिसमें पहली पत्रकार वार्ता में महिला पत्रकारों को प्रवेश न मिलने के कारण विवादों आ गई जिससे अफगानी विदेश मंत्री को दूसरी पत्रकार बुलानी पड़ी, जिसमें महिला पत्रकार भी आमंत्रित थीं। अफगान विदेश मंत्री की इस यात्रा से भारत ने दक्षिण एशिया में पाकिस्तान के विरुद्ध अपना एक नया समर्थक बनाया है। मुत्ताकी की भारत यात्रा से भारत ने एक कूटनीतिक बढ़त यह प्राप्त कर ली है। संयुक्त बयान में अफगानिस्तान ने अप्रैल में जम्मू -कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले की कड़ी निंदा करते हुए भारत की जनता व सरकार के प्रति संवेदना व एकजुटता व्यक्त की है। भारत और अफगानिस्तान के बयान में दोनों पक्षों ने क्षेत्रीय देशों से उत्पन्न सभी आतंकवादी कृत्यों की स्पष्ट रूप से निंदा की और क्षेत्र में शांति स्थिरता एवं आपसी विश्वास को बढ़ावा देने के महत्व पर बल दिया है। अफगान विदेश मंत्री ने जम्मू-कश्मीर को भारत का अभिन्न अंग बताया, जिससे पाकिस्तान को इतनी चोट पहुंची कि उसने अफगानिस्तान पर हमला कर दिया। फिर अफगानिस्तान ने पलटवार करते हुए पाकिस्तान के 58 सैनिकों को मारने का दावा किया और उनकी कई चौकियों पर कब्जा कर लिया। विदेश मंत्री एस. जयशंकर और अफगान विदेश मंत्री मुत्ताकी की मुलाकात के बाद बयान जारी किया गया कि भारत और अफगानिस्तान के रिश्ते सदियों पुराने हैं तथा इन संबंधों को और मजबूत किया जाएगा। भारत ने काबुल स्थित दूतावास फिर से खोलने का ऐतिहासिक निर्णय लिया है। यह वही तालिबान सरकार है, जिस पर कभी कोई भरोसा नहीं कर रहा था। जब अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति जो बाइडेन ने अफगानिस्तान से अपनी सेनाओं को वापस बुलाने और अफगानिस्तान की सत्ता तालिबान को हस्तांतरित करने का निर्णय लिया था, उस समय दक्षिण एशिया में भय, आतंक, चिंता व निराशा का वातावरण उत्पन्न हो गया था कि अब क्या होगा। अफगानिस्तान में तालिबान की वापसी पर चीन और पाकिस्तान बहुत खुश थे। दोनों देशों को लगा कि अब अफगान सरकार उसके कहने पर चलेगी। पाकिस्तान ने सोचा कि वह तालिबान की मदद से जम्मू-कश्मीर को हथिया कर वहां शरिया कानून लागू करा देंगे, किंतु समय बदलने के साथ पाकिस्तान की यह योजना पूरी तरह से धराशायी गयी। आज भारत के तालिबान से सम्बन्ध बेहतर हैं, क्योंकि भारत केवल राष्ट्र प्रथम को ध्यान में रख कर चल रहा। सामारिक, आर्थिक, राजनैतिक व मानवीय दृष्टिकोण से भारत का अफगानिस्तान के साथ रिश्ते सुधारना राष्ट्रहित में है। वहां से हिंदू व सिख समाज के लोग अपना कारोबार, संपत्ति और जायदाद आदि छोड़ कर आए हैं। अफगानी विदेश मंत्री मुत्ताकी से भारत ने यह कहलवा लिया है कि अब कोई भी ताकत अफगान की धरती का उपयोग भारत के खिलाफ नहीं कर सकेगी। इसका स्पष्ट इशारा पाक की खुफिया एजेंसी आईएसआई की ओर था। तालिबान विदेश मंत्री मुत्ताकी की भारत यात्रा के लिए काफी समय से होमवर्क किया जा रहा था। जनवरी में ही तालिबान शासन और भारत के विदेश सचिव विक्रम मिसरी के साथ कई दौर की वार्ता हो चुकी थी, जिसके बाद मुत्ताकी ने भारत को अहम क्षेत्रीय और आर्थिक शक्ति बताया था।

जबरदस्त आक्रामकता

